
पेज-11



कोहली को तेंदुलकर की.....

हिन्दी दैनिक

# दबंग हिन्द

जन की बात, सबके साथ

RNI NO. JHAHIN/2013/54377

रांची संस्करण

पेज-10



रेड सी इंटरनेशनल फिल्म.....

वर्ष : 12 | अंक : 340 | रांची (झारखंड) | E-mail : dabanghind@gmail.com | मंगलवार, 17 दिसंबर 2024 | website : www.dabanghind.com | मूल्य - ₹ 2

## एक नजर


### यूक्रेन ने ड्रोन से चेचन्या पर किया हमला



**मास्को।** यूक्रेन ने एक ड्रोन से रविवार को रूस के चेचन्या क्षेत्र में नेशनल गार्ड के एक परिसर पर हमला किया। रूस की ओर से किए जा रहे बड़े पैमाने पर हवाई हमले के बाद कीव ने जवाबी हमले जारी रखे हैं।

सोशल मीडिया पर उपलब्ध वीडियो फुटेज में एक ड्रोन को विस्फोट से पहले चेचन्या की राजधानी ग्रोज्नी के आसमान में देखा गया। इस हमले में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। हमले का यह क्षेत्र यूक्रेन की सीमा से लगभग 800 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित है। चेचन्या के नेता रमजान कादिरोव ने पुष्टि की कि ड्रोन ने अखमत ग्रोज्नी पुलिस बटालियन से संबंधित एक स्थान पर हमला किया था। उन्होंने कहा कि हवाई सुरक्षा बलों ने दो अन्य ड्रोन को मार गिराया है।

### भूस्खलन की चपेट में आने से पांच लोगों की मौत



**मालुपा।** पाकिस्तान के गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र के स्कर्दू में रोंडो मालुपा के पास रविवार को एक वाहन भूस्खलन की चपेट में आ गया, जिससे इसमें सवार कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि वाहन स्कर्दू से शांगस की ओर जा रहा था तभी अचानक यह गिरते हुए मलबे के नीचे दब गया। पुलिस ने इस घटना को भयावह करार दिया क्योंकि भारी मात्रा में मलबा गिरने से वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था, जिससे उसमें मौजूद लोगों को बचने का मौका नहीं मिला। उसने बताया कि राहत-बचवा अभियान के लिए घटनास्थल पर तुरंत बचाव दल को भेजा गया। अधिकारियों ने पुष्टि की कि इस घटना में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई।

### फिलिस्तीन लिखा हैंडबैग लेकर संसद पहुंची प्रियंका गांधी

**नई दिल्ली।** प्रियंका गांधी के फिलिस्तीन वाले बैग पर घमासान हो चुका है।



दरअसल, फिलिस्तीन लिखा बैग लेकर प्रियंका गांधी संसद पहुंची और जिसके बाद बीजेपी ने इसको लेकर उन पर सवाल खड़े कर दिए हैं। भाजपा ने इस घटनाक्रम पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की और इसे 'मुस्लिम तुष्टिकरण' कहा। इंटरनेट यूजर्स में से एक ने कहा कि प्रियंका गांधी अपने समर्थन का प्रतीक एक विशेष बैग लेकर फिलिस्तीन के साथ अपनी एकजुटता दिखा रही हैं। एक अन्य सोशल मीडिया यूजर ने कहा कि 'विजय दिवस' पर हमास जैसे संगठन का समर्थन करना अच्छा नहीं है, जिस दिन पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व में भारत ने पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में पाकिस्तानी सेना को हराया था। प्रियंका गांधी इंदिरा गांधी की पोती हैं। अन्य यूजर्स ने कहा कि अगर प्रियंका गांधी ने भारत की जीत का प्रतीक कोई वस्तु चुनी होती तो यह उचित होता।

बता दें कि कांग्रेस महासचिव गाजा में इजरायल की कार्रवाई के खिलाफ आवाज उठाती रही हैं और फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता व्यक्त करती रही हैं।

## सीएम हेमंत सोरेन को हाईकोर्ट से राहत बरकरार

# ईडी को 16 जनवरी तक जवाब दाखिल करने का निर्देश

**ईडी के समन की अवहेलना का मामला**

दबंग हिंद संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय के समन की अवहेलना मामले में सीएम हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से मिली राहत अगली सुनवाई तक बरकरार रहेगी. जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की अदालत ने मामले में ईडी को शपथ पत्र के माध्यम से जवाब दायर करने को कहा है. मामले की अगली सुनवाई 16 जनवरी को निर्धारित की गई है।




सुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री के अधिवक्ता ने अदालत से पूर्व में दिए गए अंतरिम राहत को अगले आदेश तक बढ़ाने की मांग की. उनके आग्रह को स्वीकार करते हुए अदालत ने पूर्व में दिए गए अंतरिम राहत को अगले आदेश तक के लिए बढ़ा दिया है।

मुख्यमंत्री को हाईकोर्ट से 16 जनवरी तक राहत मिली है।

अदालत ने मामले में ईडी से जवाब तलब किया है. सीएम हेमंत सोरेन को 16 जनवरी तक के लिए एमपी-एमएलए की अदालत में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट दी गई है. सीएम की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश और दीपांकर राय ने न्यायाधीश अनिल कुमार चौधरी की अदालत में पक्ष रखा। आपको बता दें कि 4 दिसंबर को पिछली सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने एमपी-एमएलए कोर्ट के आदेश पर रोक लगाते हुए 16 दिसंबर को सुनवाई की अगली तारीख तय की थी. इससे पहले ईडी के समन की अवहेलना मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने उन्हें सशरीर पेश होने को कहा था. सीएम की ओर से व्यक्तिगत पेशी से छूट का आग्रह करते हुए याचिका दायर की गई थी, जिसे 26 नवंबर को एमपी-एमएलए कोर्ट ने खारिज करते हुए 4 दिसंबर को सशरीर पेशी का आदेश दिया था। इसी को सीएम की ओर से हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। ईडी की ओर से 19 फरवरी को हेमंत सोरेन के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में शिकायत वाद दर्ज कराया गया था। ईडी की दलील थी कि जमीन घोटाला मामले में पूछताछ के लिए हेमंत सोरेन को 10 बार समन जारी किए गये थे, लेकिन वे सिर्फ 8वें समन पर 20 जनवरी को और 10वें समन पर 31 जनवरी को एजेंसी के सामने पूछताछ के लिए आए थे।

# भारत के प्रसिद्ध तबला वादक जाकिर हुसैन का निधन

एजेंसी

**सैन फ्रांसिस्को।** प्रसिद्ध तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन अब नहीं रहे। महान तबला वादक का रविवार, 15 दिसंबर को सैन फ्रांसिस्को, यूएसए में निधन हो गया। वे वहां एक अस्पताल के आईसीयू में हृदय संबंधी जटिलताओं के लिए उपचार ले रहे थे। कथित तौर पर, उनका निधन इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस, एक पुरानी फेफड़ों की बीमारी के कारण हुआ। सद्गुरु ने महान तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन को याद करते हुए श्रद्धांजलि पोस्ट की, जिनका रविवार, 15 दिसंबर को निधन हो गया। आध्यात्मिक नेता ने कहा कि हुसैन को उनके शिल्प के प्रति समर्पण के लिए हमेशा प्यार, गर्व और कृतज्ञता के साथ संजोया जाएगा। उनके ट्वीट में लिखा था शक्ति में फ्यूजन के शानदार समय से, जाकिर की हड्डियों में लय थी, उनके दिल में अपनी कला के लिए प्यार था और उन्होंने दुनिया भर में लाखों लोगों को खुशी दी। उन्हें हमेशा अपनी कला के प्रति समर्पण के लिए प्यार, गर्व और कृतज्ञता के साथ याद किया जाएगा। उनके निधन से शोक संतप्त सभी लोगों के प्रति गहरी संवेदना और आशीर्वाद। परिवार का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रोस्पेक्ट पीआर के जॉन ब्लेचर ने इस खबर की पुष्टि की।



**उस्ताद जाकिर हुसैन के बारे में**

9 मार्च, 1951 को जन्मे जाकिर हुसैन महान तबला वादक उस्ताद अल्ला रक्खा के पुत्र थे। तबला बजाने की उनकी असाधारण प्रतिभा ने उन्हें कम उम्र में ही देश भर में पहचान दिलाई। अपनी किशोरावस्था में, जाकिर पहले से ही भारत के कुछ सबसे प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीतकारों के साथ प्रदर्शन कर रहे थे।

अपने शानदार करियर के दौरान, उस्ताद जाकिर हुसैन ने पारंपरिक भारतीय और वैश्विक संगीत मंडलियों दोनों में प्रमुख हस्तियों के साथ काम किया। उन्होंने पंडित रविशंकर और उस्ताद विलायत खान जैसे दिग्गजों के साथ काम किया और गिटारवादक जॉन मैकलॉघलिन के साथ शक्ति और ग्रेटफुल डेड के मिकी हार्ट के साथ प्लेनेट ड्रम जैसे अंतरराष्ट्रीय फ्यूजन समूहों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके बेजोड़ कौशल ने उन्हें चार ग्रैमी जीत के साथ एक वैश्विक सितारा बना दिया। भारत सरकार द्वारा उन्हें प्रतिष्ठित पद्मश्री (1988) और पद्म भूषण (2002) से भी सम्मानित किया गया। छह दशकों के अपने करियर में, हुसैन ने कई प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय और भारतीय कलाकारों के साथ काम किया, लेकिन गिटारवादक जॉन मैकलॉघलिन, वायलिन वादक एल शंकर और तालवादक टीएच ह्यविक्कूह्ल विनायकराम के साथ 1973 में भारतीय शास्त्रीय संगीत और पश्चिमी जैज संगीत के तत्वों के संलयन को काफी सराहा गया। हुसैन ने मात्र सात वर्ष की आयु से ही तबले पर हाथ आजमाना शुरू कर दिया था और आगे चलकर उन्होंने पंडित रविशंकर, अली अकबर खान और शिवकुमार शर्मा जैसे दिग्गजों सहित भारत के लगभग सभी प्रतिष्ठित संगीत कलाकारों के साथ काम किया।

## सरकार ने जलवाहक योजना की शुरूआत की

# आंतरिक जलमार्गों और कार्गो मूवमेंट को मिलेगा बढ़ावा

एजेंसी

**कोलकाता।** केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री (एमओपीएसडब्ल्यू) सबार्नंद सोनोवाल ने आज यहां राष्ट्रीय जलमार्ग 1 (गंगा नदी) के साथ-साथ राष्ट्रीय जलमार्ग 2 (ब्रह्मपुत्र नदी) और राष्ट्रीय जलमार्ग 16 (बराक नदी) के माध्यम से लंबी दूरी के कार्गो के परिवहन को प्रोत्साहित करने के लिए कार्गो प्रोत्साहन की एक महत्वपूर्ण नीति जलवाहक का अनावरण किया।

केंद्रीय मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने आज यहां जीआर जेट्टी से एमवी एएआई, एमवी होमी भाभा और एमवी त्रिशूल के साथ दो डंब बार्ज अजय और दीखू



को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे एनडब्ल्यू 1 और एनडब्ल्यू 2 के लिए हल्दिया से निर्धारित कार्गो जहाज सेवा की शुरूआत हो गई। निर्धारित दिन की निर्धारित नौकायन सेवा एनडब्ल्यू 1 के कोलकाता-पटना-वाराणसी-पटना-कोलकाता खंड और एनडब्ल्यू 2 के कोलकाता और गुवाहाटी के पांडु के बीच इंडो बांग्लादेश प्रोटोकॉल रूट (आईबीपीआर) के माध्यम से चलेगी। केंद्रीय राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर और उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह भी इस महत्वपूर्ण अवसर पर शामिल हुए।

इस अवसर पर बोलते हुए केंद्रीय मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने कहा, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के गतिशील नेतृत्व में सरकार ने हमारे समृद्ध आंतरिक जलमार्गों के विशाल संभावनाओं को साकार करने के लिए एक समेकित प्रयास किया है।

# जेएसएससी-सीजीएल छात्रों पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज, छात्र नेता देवेंद्र हिरासत में

**जेएसएससी कार्यालय का घेराव के बीच सीजीएल अभ्यर्थियों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन**

- एसएससी कार्यालय के पास धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा
- जांच के बाद डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए प्रवेश की अनुमति

दबंग हिंद संवाददाता

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) कंबाइंड ग्रेजुएट लेवल (सीजीएल) परीक्षा 2023 में सफल हुए 2231 अभ्यर्थियों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन का काम



सोमवार को शुरू हो गया। रांची के नामकुम स्थित जेएसएससी कार्यालय में 16 से 20 दिसंबर तक डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन का काम होना है।

छात्र नेता देवेंद्रनाथ महतो समेत कुछ छात्र संगठनों की ओर से डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन का विरोध किया गया। विरोध कर रहे छात्र नेता प्रश्न पत्र लीक होने का आरोप लगा रहे है और परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे हैं। अपनी मांगों के समर्थन में देवेंद्रनाथ महतो कई समर्थकों से सड़क पर उतरे, लेकिन पुलिस ने आयोग कार्यालय पहुंचने के पहले ही उन सभी को हिरासत में ले लिया। इस दौरान कुछ स्थानों पर पुलिस को हल्का बल भी प्रयोग करना पड़ा।

रांची जिला प्रशासन ने शनिवार सुबह साढ़े पांच बजे से 20 दिसंबर रात आठ बजे तक एसएससी कार्यालय के 500 मीटर के दायरे में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी है। जेएसएससी ने 16 से 22 दिसंबर के बीच दस्तावेज सत्यापन के लिए चयनित 2,231 अभ्यर्थियों को बुलाया है। जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में 3.04 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे।

# भारत-श्रीलंकां के बीच कई समझौतों पर हस्ताक्षर

## दिसानायके ने किया साफ- हमारी भूमि का उपयोग भारत के खिलाफ नहीं होगा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और श्रीलंका ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा डिसनायके की उपस्थिति में समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं श्रीलंका के राष्ट्रपति डिसनायके का भारत में स्वागत करता हूं। हमें खुशी है कि राष्ट्रपति के रूप में अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए आपने भारत चुना है। आज की इस यात्रा से हमारे संबंधों में नई गति और ऊर्जा का सृजन हो रहा है। हमने अपनी पार्टनरशिप के लिए एक फ्यूचरिस्टिक विजन अपनाया है। हमने अपनी आर्थिक साझेदारी में इन्वेस्टमेंट लेड ग्रोथ और कनेक्टिविटी पर बल दिया है और निर्णय लिया है कि



फिजिकल, डिजिटल और ऊर्जा कनेक्टिविटी हमारी भागेदारी के अहम स्तम्भ होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत ने अब तक श्रीलंका को 5 बिलियन डॉलर की ऋण की पंक्तियाँ और अनुदान सहायता प्रदान की है। श्रीलंका के सभी 25 जिलों में हमारा सहयोग है और हमारे प्रोजेक्ट्स का चयन सदैव पार्टनर देशों की विकास प्राथमिकताओं पर आधारित होता है। भारत और श्रीलंका के लोगों से लोगों तक संबंध हमारी सभ्यताओं से जुड़े हैं। जब भारत में पाली भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया गया, तो श्रीलंका में भी उसकी खुशी मनाई गई। हमने मछुआरों की आजीविका से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। हम सहमत हैं, कि हमें इस मामले में एक मानवीय दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ना चाहिए। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा डिसनायके ने कहा कि श्रीलंका का राष्ट्रपति बनने के बाद यह मेरी विदेश यात्रा है। मुझे बहुत खुशी है कि मैं अपनी पहली राजकीय यात्रा पर दिल्ली आ सका। मुझे दिए गए निमंत्रण के लिए और मेरे सहित पूरे प्रतिनिधिमंडल को प्रदान किए गए गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए मैं भारत को धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं पीएम मोदी और राष्ट्रपति मुर्मू को धन्यवाद देना चाहता हूं...इस यात्रा ने दोनों देशों के बीच सहयोग को और विकसित करने का मार्ग प्रशस्त किया।

# वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट की 51.99 फीसदी राशि ही हुई खर्च

## अगले 3 माह में राशि खर्च करना बनी चुनौती

दबंग हिंद संवाददाता

**रांची।** अब तक झारखंड में वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट की 51.99 फीसदी राशि ही खर्च हो पाई है. वित्तीय वर्ष 2024-25 का कुल बजट एक लाख 28 हजार 900 करोड़ रुपए का है. जिसमें अब तक 62659 करोड़ 46 लाख 43 हजार 910 रुपए ही खर्च हुए हैं. वहीं सेंट्रल स्कीम के लिए 13590 करोड़ 87 लाख 88 हजार 360 रुपए का बजट है. इसमें से अब तक 4645 करोड़ 54 लाख 38 हजार 886 रुपए खर्च किए गए. इस हिसाब से सेंट्रल स्कीम की राशि का सिर्फ 34 फीसदी ही खर्च हुआ है. स्टेट स्कीम के लिए एक लाख तीन हजार 104 करोड़ 14 लाख 20 हजार 418 रुपए का बजट है, इसमें से 56226 करोड़, 2 लाख 89 हजार 262 रुपए ही खर्च हो पाए हैं. इस हिसाब से स्टेट स्कीम में अब तक 54.53 फीसदी ही राशि खर्च की गई है।

**अब तक 2563 योजनाओं को मिली है स्वीकृति :** अब तक विभिन्न विभागों की 2563 योजनाओं को स्वीकृति मिली है. इसमें सबसे अधिक कृषि की 250, नगर विकास की 180, ग्रामीण विकास की 120, वन पर्यावरण की 89, महिला बाल विकास की 175, प्राथमिक शिक्षा की 80 और माध्यमिक शिक्षा की 52 योजनाओं को स्वीकृति मिली है।

## उमर अब्दुल्ला के बाद टीएमसी ने दिखाया कांग्रेस को आईना; कहा-

# दिखाओ कैसे हैक होती है ईवीएम

एजेंसी

**कोलकाता।** हरियाणा के बाद महाराष्ट्र चुनाव में भी पराजित होने के बाद ईवीएम को कोसने वाली कांग्रेस और शिवसेना को उमर अब्दुल्ला के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे व तृणमूल महासचिव व सांसद अभिषेक बनर्जी ने भी आईना दिखा दिया। इसके साथ ही इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की विश्वसनीयता पर भी आईएनडीआईए ब्लॉक में मतभेद सोमवार को और उजागर हो गया।

तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने ईवीएम से छेड़छाड़ के कांग्रेस के दावों पर सार्वजनिक रूप से सवाल उठाए। उन्होंने आरोपों को बेतरतीब बयान बताते हुए खारिज कर दिया और ऐसे दावे करने वालों से भारतीय चुनाव आयोग के सामने हैकिंग प्रक्रिया का



प्रदर्शन करने का आग्रह किया। अभिषेक ने कहा कि ईवीएम पर सवाल उठाने वालों को चुनाव आयोग के पास जाना चाहिए और डेमो कर बताना चाहिए कि वोटिंग मशीन हैक कैसे हो सकती है। अगर वोटिंग के दौरान बूथ पर मॉक पोल और काउंटिंग के दौरान इसकी चेकिंग की जाती है, ऐसे में आरोप नहीं लगाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ हो नहीं रहा है सिर्फ बयानबाजी हो रही है। सीएम उमर अब्दुल्ला के बयान पर कांग्रेस नेता ने कहा कि ये समाजवादी पार्टी, एनसीपी और शिव सेना यूबीटी हैं जिन्होंने ईवीएम के खिलाफ बात की है। कृपया अपने तथ्यों की जांच करें। टेगौर ने पूछा कि कांग्रेस सीडब्ल्यूसी का प्रस्ताव स्पष्ट रूप से केवल भारतीय निर्वाचन आयोग को संबोधित करता है।

# किसानों का विरोध : अंबाला में निकाला ट्रैक्टर मार्च मोबाइल इंटरनेट और एसएमएस सेवाएं निलंबित

- अनिल विज ने किसानों से वैकल्पिक रास्ता खोजने का आग्रह किया
- हरियाणा ने मोबाइल इंटरनेट, एसएमएस सेवाएं निलंबित कीं

एजेंसी

**अंबाला।** दिल्ली की ओर पैदल मार्च कर रहे 101 किसानों के जत्थे को हरियाणा पुलिस द्वारा शंभू बॉर्डर पर रोके जाने के बाद, किसानों ने आज सोमवार को हरियाणा के अंबाला जिले



में ट्रैक्टर मार्च निकाला। ट्रैक्टर मार्च संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के किसानों द्वारा उठाई जा रही मांगों के समर्थन में था, जो हरियाणा राज्य के खनौरी और शंभू बॉर्डर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। किसानों और पुलिस के बीच हिंसक झड़पों के बाद चल रहा आंदोलन और तेज हो गया है, जिसमें 17 किसान कथित रूप से घायल हुए हैं। किसानों ने अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखने की कसम खाई है, जिसमें 16 दिसंबर को ट्रैक्टर मार्च और 18 दिसंबर को 'रेल रोको' की योजना शामिल है। इस बीच, हरियाणा के मंत्री अनिल विज ने किसानों से ट्रेनों को रोकने के बजाय विरोध करने के वैकल्पिक तरीके खोजने का आग्रह किया है। विज ने कहा, प्रशासन से अनुमति मिलने के बाद हर संगठन विरोध प्रदर्शन कर सकता है। किसानों को ट्रेनें नहीं रोकनी चाहिए क्योंकि इससे कई लोगों को असुविधा होगी। उन्हें विरोध करने का कोई और तरीका ढूँढ़ना चाहिए। 18 दिसंबर को रेल रोको प्रदर्शन इस बीच, सरवन सिंह पंधेर ने पंजाब के लोगों से 18 दिसंबर को किसानों द्वारा निर्धारित 'रेल रोको' आंदोलन में शामिल होने की अपील की। एएनआई के हवाले से पंधेर ने कहा, मैं पंजाब के लोगों से 18 दिसंबर को 'रेल रोको' आंदोलन में शामिल होने की अपील करना चाहता हूँ। हम पंजाब के सभी 13,000 गाँवों के लोगों से अनुरोध करते हैं कि वे रेलवे ट्रैक के पास रहते हैं और अपने निकटतम रेलवे क्रॉसिंग और रेलवे स्टेशनों को दोपहर 12 से 3 बजे तक बंद कर दें। किसान नेता ने विपक्ष, खासकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर किसानों के लिए पार्टी के वादों को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया। किसानों के नियोजित मार्च के जवाब में, हरियाणा सरकार ने सार्वजनिक शांति बनाए रखने के लिए अंबाला जिले के 12 गांवों में मोबाइल इंटरनेट और बल्क एसएमएस सेवाओं को निलंबित कर दिया। अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) सुमिता मिश्रा द्वारा जारी आदेश के अनुसार, यह निलंबन 17 दिसंबर तक लागू रहेगा।

# बड़कागांव में बीईओ का पद खाली रहने से बढ़ी परेशानी



दबंग हिन्द,संवाददाता

**बड़कागांव ।** हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड के बीआरसी में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी का पद रिक्त है। शिक्षकों ने बताया कि बड़कागांव में पहले जवाहर प्रसाद प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के पद पर कार्यरत थे ।लेकिन उनका तबादला कोडरमा जिला के जयनगर में कर दिया गया है। हजारीबाग जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा 29 नवंबर को अपराहन में उन्हें बिरमित किया गया तब से बड़कागांव में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी का पद खाली है ।बिना प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के सहारे बड़कागांव के 126 विद्यालय का संचालन हो रहा है ।प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी का पद खाली रहने के कारण शिक्षकों, सहायक अध्यापकों ,बी आर सी से जुड़े लिपीक अनुबंधकर्मी, बीआरपी एवं सीआरपी को परेशानी बढ़ गई. एवं शैक्षणिक कार्य भी प्रभावित है। अनुबंध कर्मियों एवं शिक्षकों ने बताया कि बड़कागांव में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को नहीं रहने के कारण वेतन एवं मानदेय निकासी में परेशानी हो रही है। बीआरसी के एक लिपिक का कहना है कि हमलोग के वेतन एवं मानदेय निकासी को लेकर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी का हस्ताक्षर होता है। उनके बिना हस्ताक्षर से वेतन समय पर नहीं मिल पा रहा है। वेतन नहीं मिलने के कारण आर्थिक परिस्थितियों से जूझना पड़ता है। इसके अलावा विद्यालय के बच्चों के लिए स्वेटर ,ड्रेस, जूता ,कॉपी , बैग , स्टेमन बॉक्स का वितरण भी होना है. इन सामग्रियों के वितरण करने में भी प्रखंड शिक्षा प्रचार पदाधिकारी की आवश्यकता पड़ सकती है ।प्रखंड में सरकारी शिक्षक 105 , सहायक अध्यापक 300 से अधिक है. बीआरसी में हेड क्लर्क एक ,सात अनुबंधकर्मी , सीआरपी 8 ,बीआरपी 1 है। प्रखंड के शिक्षकों एवं अनुबंध कर्मियों ने बड़कागांव में शीघ्र नए-प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी की पोस्टिंग करने की मांग की है।

# मंईयां सम्मान और एमएसपी को लेकर बीजेपी के आरोपों पर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह का जवाब

मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने मंईयां योजना की राशि मिलने में विलंब होने और घोषणा के अनुरूप धान की कीमत नहीं मिलने पर बयान दिया।



दबंग हिन्द,संवाददाता

**देवघर।** झारखंड में मंईयां सम्मान योजना पर सियासत जारी है. महिलाओं को योजना की राशि मिलने में विलंब होने पर एक तरफ जहां विपक्ष सरकार पर हमलावर है. वहीं सरकार की ओर देरी पर तकनीकी कारणों का हवाला दिया जा रहा है और वादा निभाने की बात कही जा रही है. इस मामले में सूबे की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने भी बयान दिया है। मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने देवघर में ईटीवी भारत से बातचीत में कहा कि झारखंड में पहली बार महिलाओं को सम्मान देने के लिए इस तरह की योजना लाई गयी है. इसलिए इस योजना के बारे में कुछ भी गलत कहने से बेहतर है कि भाजपा अपने नेता और पीएम नरेंद्र मोदी से भी केंद्र स्तर पर ऐसी योजना शुरू करवाएं ताकि झारखंड के साथ-साथ भारत के अन्य राज्यों की महिलाओं को भी इसका लाभ मिल सके। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि सरकार हर हाल में वादे के अनुरूप मंईयां सम्मान राशि का भुगतान करेगी. उन्होंने कहा कि झारखंड में विपक्ष के पास अब कुछ बचा नहीं है. इसलिए इस तरह का अनर्गल आरोप लगाया जा रहा है. यह महिलाओं से जुड़ी हुई योजना है. इसपर टिप्पणी और बयानबाजी करने से बचना चाहिए. इसी कारण भाजपा को आज विपक्ष में जनता ने बैठाया है. वहीं मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने धान की एमएसपी पर भी बयान दिया है. उन्होंने 3200 रुपये प्रति क्विवंटल की जगह 2400 रुपये प्रति क्विंटल धान का कीमत किसानों को मिलने पर कहा कि 15 दिसंबर से धान अधिप्राप्ति केंद्र पर धान खरीद शुरू हो गई है. इस वर्ष सरकार अपने वादे के अनुसार किसानों को धान का भुगतान करेगी. प्रक्रिया पूरी करने में थोड़ा विलंब हुआ है लेकिन सरकार अपना वादा निभाएगी.मालूम हो कि पिछले दिनों भाजपा के नेता यह आरोप लगा रहे थे कि मंईयां सम्मान योजना का लाभ लंबे समय तक महिलाओं तक पहुंचाना राज्य की गठबंधन सरकार के लिए मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है. वहीं भाजपा के आरोपों पर मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि विपक्ष अब पूरी तरह से कमजोर हो चुका है. इसलिए अपने आप को मजबूत साबित करने के लिए विपक्ष सरकार की अच्छी योजनाओं को भी गलत बता रहा है।

# सड़क दुर्घटना में गोंदलपुरा निवासी पिंटु कुमार की मौत ,कई घंटे सड़क जाम

दबंग हिन्द,संवाददाता



**बड़कागांव।** बड़कागांव थाना क्षेत्र के बादम-अंबाजीत रोड में रविवार देर लगभग शाम 7:00 बजे सड़क दुर्घटना में गोंदलपुरा निवासी पारा शिक्षक गणेश महतो का 26 वर्षीय पुत्र स्कूटी सवार पिंटू कुमार का सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस दौरान पिंटू अपने साथी बादम गांव निवासी बिहारी महतो के साथ स्कूटी से हजारीबाग से जैकेट खरीद कर मोतरा मार्ग होते वापस घर लौट रहे थे। घटना में बिहारी महतो को भी माथा में और आंख पर गंभीर चोट लगी है। बिहारी के परिजनों ने इलाज के लिए हजारीबाग ले गए। घटना में पिंटू के मौत हो जाने से आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपियों को पकड़ने की मांग को लेकर रविवार देर शाम 7:15 बजे से लेकर दूसरे दिन सोमवार को 12:00 दिन तक लगभग 17 घंटे सड़क जाम रखा। पुलिस एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों प्रबुध जनों के प्रयास से सड़क जाम हटाया गया। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दी । पुलिस ने मृतक के परिजन के द्वारा दी गई आवेदन पर मामले की जांच पड़ताल करने के साथ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है ।मृतक के पिता गणेश महतो ने बताया कि बादम अंबाजीत मार्ग स्थित सेवानिवृत शिक्षक राम लखन सिंह के घर के पास सड़क पर दुर्घटना हुई है, जिसमें मेरे बेटे को ट्रैक्टर ने धक्का मार कर हत्या कर दिया है। उस वक्त सतीश का दुकान खुला हुआ था। घटना रविवार देर शाम 7:06 की है। घटना में मेरे बेटे पिंटू का दोस्त बिहारी महतो भी घायल हुआ जिसे तुरंत इलाज के लिए हजारीबाग ले जाया गया। परंतु घायल मेरे बेटे को घटनास्थल पर ही छोड़ दिया गया। इलाज के लिए साथ में मेरे घायल बेटे को क्यों नहीं ले जाया गया ।अगर साथ में इलाज के लिए ले जाया गया होता, तो मेरा बेटा बच जाता, यह पूर्ण रूप से हत्या है मेरे बेटे की हत्या की गई है। मैं पुलिस प्रशासन से मांग करता हूं कि जल्द से जल्द आरोपीओं को पकड़ कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। बताते चलें कि बादम से मोतरा घाटी में पिछले 10 वर्षों में अलग-अलग सड़क दुर्घटना में अब तक 10 लोगों की जान गई है।

# दारू प्रखंड के हरली मैदान में लगा जतरा मेला

दबंग हिन्द,संवाददाता





**दारू।** प्रखंड के हरली मैदान में जतरा मेला सोमवार को लगा। और देखते ही देखते लोगों का जन जन सैलाब उमर पाड़ा। मेले में कई प्रकार के झूले लगे हुए थे। साथ ही साथ मेले में एक से एक दुकान लगे हुए थे। और दुकानदारों ने अपनी दुकान को काफी सुंदर तरीके से सजा कर रखे हुए थे। और यह मेला पूर्वजों के समय से लगा आ रहा है । यह मेला किसानों की खुशहाली का प्रतीक माना जाता है। धान कटनी के बाद इसका आयोजन होता है। इसमें लोहा से बने औजार यानी कुदाल, गैता, कुल्हाड़ी, सबल, कड़ाही आदि की विक्री होती है। किसान यहां अपने खेतों में काम आने वाले ज्यादातर औजारों की खरीदारी करते हैं। इस मेले में औजारों के साथ साथ बच्चों के लिए तरह तरह के झूले, मिठाई की दुकान, बच्चों के लिए खिलौने की दुकान सहित अन्य दर्जनों तरह के स्टाल लगाए गए है ।दारू प्रखंड और कई प्रखंडों से मेले में खरीदारी के लिए पहुंचते हैं। इस मेला के संचालन के लिए बनाई गई समिति में हरली पंचायत के पूर्व मुखिया दिलीप प्रसाद, हरली पंचायत के वर्तमान मुखिया के पति फारूकउद्दीन अहमद, रामजी कुशवाहा, कैलाश विश्वकर्मा, चुरामन प्रसाद, प्रदीप राम, विकास कुमार, बंटू प्रसाद, देवनारायण कुमार है।

# उपायुक्त के द्वारा राजस्व संग्रहण को लेकर किया गया समीक्षा बैठक



दबंग हिन्द,संवाददाता

**रामगढ़।** समाहरणालय की सभागार में सोमवार को उपाय चंदन कुमार के द्वारा राजस्व संग्रहण को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त के द्वारा उत्पाद खनन परिवहन विद्युत विभाग को राजस्व संग्रहण में तेजी लाने ने का निर्देश दिया गया। उपाय इतने बैठक में उपस्थित अंचल अधिकारियों को नीलम पत्र वादों को बैंक प्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर मामले का तीव्र गति से निष्पादन करने परिशोधन पोर्टल के माध्यम से आम जनों को उपलब्ध कराई जा रही भूमि संबंधित दस्तावेजों में पोर्टल पर आए आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। इस मौके पर अपरसमाहर्ता कुमारी गीतांजलि अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वतस जिला निबंधन पदाधिकारी अजितेश कुमार भूमि सुधार उपसमाहर्ता दीप्ति प्रियंका कुजूर रामगढ़ जिलाधिकारी सुदीप एक्का सहित जिले के सभी अंचलाधिकारी मुख्य रूप से शामिल थे।

# गुमला जिला के प्रतिभागियों ने प्रमंडल स्तरीय युवा महोत्सव में जीते पदक



दबंग हिन्द,संवाददाता

**गुमला।** रांची में आयोजित प्रमंडल स्तरीय युवा महोत्सव कार्यक्रम में गुमला जिला के प्रतिभागियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कई प्रतियोगिताओं में पुरस्कार प्राप्त किए। इस आयोजन में गुमला जिले के युवा प्रतिभागियों ने विभिन्न श्रेणियों में सफलता प्राप्त की।

**जो इस प्रकार हैं:** 1. पेंटिंग प्रतियोगिताः तुषार पाण्डेय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 2. कविता लेखनः दीपिका कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 3. सामूहिक नृत्यः परमवीर अल्बर्ट एक्का की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 4. सांस्कृतिक गीत (एकल): वीणा कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 5. विज्ञान मेला (एकल): सूरज कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गुमला जिला के इन युवा प्रतिभागियों की सफलता जिले के लिए गर्व की बात है और यह दिखाता है कि जिले के युवा कला, साहित्य, नृत्य और विज्ञान में भी अपनी छाप छोड़ने में सक्षम हैं। यह उपलब्धि न केवल इन प्रतिभागियों के लिए, बल्कि गुमला जिले के लिए भी एक महत्वपूर्ण कदम है।

# नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तैयार की जा रही थी अफीम की फसल

## पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई



दबंग हिन्द,संवाददाता

**रांची।** राज्य के अलग-अलग जिलों में अफीम की अवैध खेती की जाती है. जिसपर रोक लगाने के लिए प्रशासन द्वारा निगरानी रखी जा रही है. इसी कड़ी में रांची पुलिस ने अफीम तस्करों की साजिश को असफल कर दिया. रांची के नक्सल प्रभावित तमाड़ और दशम फॉल इलाके में अफीम तस्करों के द्वारा बड़े पैमाने पर अफीम की फसल तैयार किया जा रहा था. सूचना मिलने पर रविवार को एसएसबी और सैप टू के जवानों ने मौके पर पहुंचकर अफीम की फसल को नष्ट कर दिया. यह पहली बार हुआ है जब अफीम के पौधे जैसे ही जमीन से बाहर निकले, उसे नष्ट कर दिया गया.

**दशम और तमाड़ में लगाई गई थी अफीम की फसल :** रांची के ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि अफीम तस्करों के द्वारा बड़े पैमाने पर अफीम की फसल लगाए जाने की सूचना मिली थी. सत्यापन के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच फसलों को नष्ट किया गया है. रांची के ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि तमाड़ एवं दशम फॉल थाना क्षेत्र में रइ और रअढ-2 कंपनी सशस्त्र बल ने हुसीरहातु के जंगलों में करीब 1 एकड़ 70 डिसमील में लगे अवैध पोस्ता (अफीम) के फसल को नष्ट किया गया. इस संबंध में थाना दैनिक प्रविष्टि में अंकित किया गया है. वहीं, तमाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बुरुडीह के जंगल में लगे लगभग 2 एकड़ अफीम की फसल को विनष्ट

# उपायुक्त ने विकास परियोजनाओं और सार्वजनिक सेवाओं का निरीक्षण किया



दबंग हिन्द,संवाददाता

**गुमला ।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने आज क्षेत्र भ्रमण के क्रम में बसिया और पालकोट प्रखंड में विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। उनके निरीक्षण का उद्देश्य जिला में चल रही विकास परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लेना और जनसेवा से जुड़ी सुविधाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देना था। उपायुक्त ने सबसे पहले बसिया में हाल ही में निर्मित अनुमंडल स्तरीय इनडोर स्टेडियम का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेडियम की सुविधाओं का अवलोकन किया और इसके रखरखाव एवं उपयोग को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इसके बाद, उन्होंने बसिया स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस पुस्तकालय का दौरा किया। पुस्तकालय की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए उन्होंने स्थानीय नागरिकों, विशेष रूप से युवाओं को पुस्तकालय का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए प्रेरित करने की बात कही। इसके बाद उपायुक्त ने पालकोट में संचालित लैंपस (धान अधिप्राप्ति केंद्र) का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सहकारी समितियों को बेहतर तरीके से कार्य करने के निर्देश देते हुए जिला सहकारिता पदाधिकारी को नियमित जांच सुनिश्चित करने का आदेश दिया। अपने भ्रमण के अंतिम चरण में उपायुक्त ने पालकोट स्थित बाबा भीम राव आंबेडकर पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पुस्तकालय की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने और नागरिकों को ज्ञानवर्धन के लिए इन सेवाओं का अधिकाधिक उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी बसिया, बीडीओ पालकोट सहित अन्य सम्बंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़ द्वारा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

दबंग हिन्द,संवाददाता



**रामगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़ के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक कुमार दुबे के मार्गदर्शन में आज चितरपुर प्रखंड के बड़की पोना दुर्गा मंदिर के सामने चलंत लोक अदालत एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल एल ए डी सी योजना के अंतर्गत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एल ए डी सी न्याय रक्षक राम जी, अधिकार मित्र विनोद कुमार, दुर्गेश कुमार, और आकाश कुमार ने भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को विभिन्न कानूनी अधिकारों, राष्ट्रीय लोक अदालत, स्थाई लोक अदालत, और सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। एल ए डी सी योजना के उद्देश्य पर विशेष जानकारी शिविर के दौरान राम जी ने विस्तार से बताया कि लीगल एड डिफेंस काउंसिल एल ए डी सी योजना का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों, विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित लोगों को, निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करना है। यह योजना का महिलाएं बच्चे,वरिष्ठ नागरिक, अनुसूचित जाति/जनजाति के लोग, कारावास में बंद व्यक्ति वार्षिक आय रू.3 लाख से कम वाले लोग लाभ ले सकेंगे। इस योजना के तहत किसी भी आपराधिक मामले में कानूनी सहायता निशुल्क प्रदान की जाती है, जिसमें जमानत प्रक्रिया, गवाही, बहस और अपील तक की सेवाएं शामिल हैं ।आपराधिक मामलों का शीघ्र निपटारा राम जी ने बताया कि सरकार का मुख्य उद्देश्य लंबित आपराधिक मामलों का शीघ्र समाधान करना है। छअऊ योजना के तहत नियुक्त वकील वाद से संबंधित सभी कार्य निशुल्क करते हैं, जिससे हर नागरिक को न्याय तक पहुंच सुनिश्चित हो सके।

**न्याय तक सभी की पहुंच सुनिश्चित :** कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना की और इसे न्याय के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक बताया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़ इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में न्याय और अधिकार की समझ को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## एक नजर

### मुखिया उत्तम महतो की अध्यक्षता में कार्यकारिणी बैठक की गई



**दबंग हिन्द,विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के सारूकुदर पंचायत सचिवालय में सोमवार को पंचायत कार्यकारिणी की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता मुखिया उत्तम महतो ने किया । जिसमे मंईयां सम्मान योजना मनरेगा कूप 15वें वित 25-26वितीय वर्ष के लिए जेपीडीपी के बारे में मुखिया ने गहराई से बताया। बैठक में मुख्य रूप से पंचायत सचिव रंजित उप मुखिया माजदा पर्वीन कुमार वार्ड सदस्य करमली अंसारी मुकेश कुमार रेशमी देवी आंगन बाडी मीना देवी सुनीता देवी आशा देवी किरण देवी मधु देवी नीतू देवी नंदलाल महतो जागेश्वरी देवी योगेन्द्र पटेल महेन्द्र सिंह अब्दूल सफाज मोकीम अंसारी समेत काफी संख्या में ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

### कई जलमीनार बंद होने से ग्रामीणों में आक्रोश



**दबंग हिन्द,विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के कई ऐसे जल मीनार हैं जो सिर्फ हाथी के दांत साबित हो रहे हैं। बहुत सारे ऐसे जल मीनार हैं ।जो ठेकेदार द्वारा सिर्फ नाम मात्र का खड़ा कर दिया है। उससे दो बूंद पानी भी नहीं निकल पा रही है। जल मीनार से पानी नहीं मिलने पर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार जलमीनार को खड़ा कर चले गए हैं और बोले हैं कि इसे जल्द से जल्द चालू कर दिया जाएगा ।लेकिन अभी तक जल मीनार चालू नहीं किया गया है ।जिससे पानी के लिए काफी कठिनाइयों का सामना ग्रामीणों को करना पड़ रहा है ।कुछ दिनों पहले उप मुखिया संघ अध्यक्ष राहुल कुमार गुप्ता के द्वारा जेई को पंचायत में बंद पड़े जालमीनार और खराब पड़े चापानल की जानकारी दी गई। लेकिन जेई के द्वारा आश्वाशन दिया गया बहुत जल्द चालू करवा दिया जाएगा ।लेकिन विभाग को ग्रामीणों की चिंता नहीं दिखी। मजबूरन ग्रामीणों ने इटवाटंड में खराब पड़े चापानल को निजी खर्च से मरम्मत कराया गया।

### रामगढ़ अंचल कार्यालय के द्वारा बढ़ती ठंड को लेकर अलाव की व्यवस्था किया गया



**दबंग हिन्द,रामगढ़।** बढ़ती ठंड को लेकर सोमवार की शाम को 6:00 बजे रामगढ़ अंचल कार्यालय के द्वारा रामगढ़ नया बस स्टैंड पुराना बस स्टैंड में गरीबों यात्रियों के लिए अलाव की व्यवस्था किया गया ।इस मौके पर उपस्थित अंचलाधिकारी रामगढ़ सुदीप एक्का ने कहा कि बढ़ती ठंड को ध्यान में रखते हुए अलाव की व्यवस्था की गई है। गरीबों यात्रियों को ठंड से बचाने के लिए अलाव की व्यवस्था की गई है ।इस मौके पर रामगढ़ के अंचल अधिकारी सुदीप एक्का नाजीर रामचरण शुभम सहित अंचल कार्यालय के कर्मी मुख्य रूप से शामिल थे ।

### सैलानियों के लिए तैयार है वन विभाग का इको कॉटेज, सीएम ने दी जानकारी



**दबंग हिन्द,दुमका।** दुमका में सैलानियों के लिए वन विभाग का इको कॉटेज तैयार हो गया है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है. उन्होंने ट्वीट कर कहा है कि बहुत जल्द दुमका में आप वन विभाग के इको कॉटेज में रहकर झारखंडी वादियों की खूबसूरती का यूं लुत्फ उठा सकेंगे.

**कहां पर बनाया गया है इको कॉटेज, क्या है खासियत :** ▸▸ दुमका जिला मुख्यालय से करीब तीस किलोमीटर की दूरी पर मसानजोर के निकट धाजापाड़ा पहाड़ी पर बनाया गया है इको कॉटेज ▸▸ 11 इको कॉटेज का किया गया है निर्माण ▸▸ खूबसूरत इंटीरियर डिजाइनिंग के साथ एसी भी लगाया गया है. ▸▸ कॉटेज में अटैच बाथरूम की भी है व्यवस्था ▸▸ कंक्रीट के पीलर के ऊपर लोहे के स्ट्रक्चर के ऊपर वुडेन फैब्रिकेटेड स्ट्रक्चर से किया गया है काटेज निर्माण ▸▸ सैलानियों के लिए काटेज में उपलब्ध है लक्जरी सुविधा ▸▸ काटेज तक पहुंचने के लिए पहाड़ काट कर रास्ता भी बनाया गया है ▸▸ वाहनों की पार्किंग की है व्यवस्था ▸▸ कॉटेज के नीचे से सैलानी डैम के पानी में वोटिंग भी कर सकेंगे।

### डीएवी बरकाकाना में गणित सप्ताह मनाया गया



**दबंग हिन्द,रामगढ़।** डीएवी बरकाकाना में सोमवार को गणित सप्ताह की शुरूआत हुई। इस अवसर पर वर्ग एकादश विज्ञान की रिद्धि जामवाल ने वक्तव्य प्रस्तुत किया। वर्ग सप्तम के आयुष ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की। गणित के प्रयोग पर वर्ग तृतीय के बच्चों ने नाटक प्रस्तुत किया। वर्ग तृतीया के बच्चों ने गणित पर गीत भी प्रस्तुत किया। वर्ग तृतीया के बच्चों के द्वारा अर्थमैटिक फिडल रेस प्रस्तुत किया गया। इस तरह के कार्यक्रम के आलोक में विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा मजिद ने कहा कि गणित को कैसे रुचिकर बनाया जाए या बहुत ही आवश्यक है इस तरह के कार्यक्रम बच्चों में गणित के प्रति रुचि पैदा करने का काम करते हैं। आवश्यकता इस बात की है कि गणित को जन-जन तक पहुंचाया जाए इसके लिए भारत के गणितज्ञों की जानकारी बच्चों को देनी होगी।

### मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट शाखा द्वारा गौसेवा किया गया




**दबंग हिन्द,रामगढ़।** मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट शाखा द्वारा सोमवार को मार्गशीर्ष पूर्णिमा के अवसर पर गौसेवा के तहत रामगढ़ गौशाला में तड़के सुबह गौवंशों को गुड एवं लपसी खिलाया गया। इस पूर्णिमा का हिंदू धर्म में विशेष महत्व माना जाता है। इस दिन भगवान विष्णु की अराधना की जाती है, इस कड़कते ठंड में भी मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यों का उत्साह काफी गर्मजोशी से भरा था। मंच के युवा सदस्यों ने गौवंशों को श्री विष्णु एवं श्री कृष्ण के भजनों को गाते हुए अपने हाथों से गुड एवं लपसी खिलाया एवं श्री कृष्ण के गौ प्रेम के गीता के कुछ प्रसंगों के बारे में संक्षिप्त चर्चा की। छोटी छोटी गैया छोटे छोटे ग्वाल छोटो सो मेरो मदन गोपाल कीर्तन करते हुए सभी युवा सदस्यों ने कहा हम सबको मिल कर गौ वंशों की रक्षा करनी चाहिए एवं उनकी सेवा के लिए अपना समय निकालना चाहिए। मारवाड़ी युवा मंच समय समय पर गौ सेवा कार्य करता रहता है एवं आगे भी यह सेवा कार्य जारी रहेगा।

## समाजसेवी ने किया भ्रमिंस बेकर का उद्घाटन



दबंग हिन्द,संवाददाता

**धनबाद।** मथुरा नगर, बलियापुर रोड स्थित ऋषभ हेल्थ सेंटर के समीप भ्रमिंस बेकर का उद्घाटन समाजसेवी उदय प्रताप सिंह ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में छोटे उद्योगों से महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। महिला उद्यमियों के विकास व सफलता के लिए इनको सरकार और हम सब के सहयोग व समर्थन की आवश्यकता है, क्योंकि वे प्रतिभाशाली एवं योग्य हैं और स्वयं आत्मनिर्भर बन कर अपने परिवार और देश के विकास में सकारात्मक योगदान दे रही हैं। इसके लिए मैं भ्रमिंस बेकर की तीनों पार्टनर नेहा कुमारी, पिंकी पांडे और उर्मिला देवी को बधाई देकर सफलता की कामना करता हूं, जिन्होंने इस बेज प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया है। साथ ही सभी लोगों से आग्रह करता हूं कि इस फैक्ट्री के एगलेस केक, ब्रेड, बिस्कुट इत्यादि प्रोडक्ट्स को एक बार आजमायें। उद्घाटन समारोह में नेहा कुमारी, पिंकी पांडे, उर्मिला देवी, मृत्युंजय कुमार, अजय पांडे, चंदन कुमार, संजीत कुमार, संग्राम सिंह, अनिल पांडे, देवेंद्र कुमार, संजीत कुमार, अनिल श्रीवास्तव, अजीत कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

# 9 जनवरी को धनबाद जिला मारवाड़ी सम्मेलन का चुनाव

दबंग हिन्द,संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद जिला मारवाड़ी सम्मेलन 2022-24 की अंतिम आमसभा 8 लेन स्थित मिस्टीक गार्डन रेसॉर्ट में आयोजित की गयी। आमसभा की अध्यक्षता सम्मेलन के अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल ने की। सर्वप्रथम आमसभा के कार्यक्रम का उद्घाटन संरक्षक मण्डली के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं महाराजा अग्रसेनजी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया। उन्होंने कहा कि मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा किसी प्रकार के भेदभाव नही कर पारदर्शिता के साथ तमाम कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया और इस सत्र में सर्वाधिक 255 नये सदस्यों को जोड़कर नया इतिहास बनाया है। अगले सत्र में भी सदस्यों को जोड़ने को प्राथमिकता दी जायेगी। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय मंत्री जितेंद्र अग्रवाल ने कहा कि कृष्णा अग्रवाल के नेतृत्व में धनबाद शाखा ने पूरे प्रांत में कोयलांचल का नाम रोशन किया है। सम्मेलन के महासचिव



ललित कुमार झुनझुनवाला ने विस्तारपूर्वक अभी तक किये गए कार्यक्रमों की विस्तृत रिपोर्ट सदन में पेश की एवं सदस्यों के सकारात्मक सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। सम्मेलन के कोषाध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल ने दो साल के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया, जिसे सदन ने ध्वनि मत से पारित किया। वर्ष 2024-26 के लिए चुनाव पदाधिकारी के रूप में सर्वश्री अनिल गुप्ता, दीपक रुइया एवं राजेश रिटोलिया नामित किये गए थे। श्री कृष्णा अग्रवाल एवं श्री सुरेंद्र अग्रवाल ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया है। सुरेंद्र अग्रवाल के आमसभा में नही आने के कारण चुनाव पदाधिकारियों ने आगामी 09 जनवरी दिन गुरुवार को चुनाव की तिथि घोषित की गई। इसबार के चुनाव में चुनाव पदाधिकारियों ने 100 से अधिक मतदाता होने के कारण चिरकुंडा अग्रसेन भवन में भी एक मतदान केंद्र बनाने का निर्णय लिया। कार्यक्रम का संचालन प्रान्तीय मंत्री जितेंद्र अग्रवाल ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष श्रीराम विलास गोयल ने किया।

## बीसीकेयू की बैठक संपन्न

**भौंरा।** बिहार कोलियारी कामगार यूनियन के क्षेत्रीय कार्यालय में क्षेत्रीय अध्यक्ष रंजीत यादव की अध्यक्षता में बैठक की गयी, जिसमें युनियन का वर्ष चौबीस का समीक्षात्मक अध्ययन किया गया। आगामी 17 दिसंबर को भौंरा आफिसर क्लब में सीआईटीयू की जिला कमेटी की बैठक रखी गयी है एवं यूनियन के महामंत्री सह जेबीसीसीआई सदस्य अरूप चटर्जी के विधायक बनने पर अभिनंदन किया जाएगा। यूनियन के विस्तार के तहत भौंरा एरिया के अन्तर्गत भालगढ़ा कोलियारी एवं अमलाबाद कोलियारी में बहुत जल्द कमेटी का गठन किया जाएगा। बैठक में बीसीकेयू के केन्द्रीय सचिव दिलीप चक्रवर्ती, मोती लाल हेम्ब्रम, प्रदीप भट्टाचार्य, प्रमोद कुमार तिवारी, राजेन्द्र सिंह, दुकालू दास, सुनील पासवान, मोती लाल मुर्मू, शिव बालक पासवान, गौतम पत्रा, कन्हाई महतो, जगदीश महतो, सुनु हेम्ब्रम, प्रदीप कुमार आदि उपस्थित थे।

## वार्ता नही करना प्रबंधन को पड़ेगा भारी: लक्ष्मण



दबंग हिन्द,संवाददाता

**धनबाद।** मजदूरों का प्रमोशन, आवास मरम्मत, ग्लोबल टेंडर का विरोध सहित 29 सूत्री मांगों पर 4 माह बाद भी सिजुआ क्षेत्रीय प्रबंधन द्वारा मजदूर हित में कारगर कदम उठाते हुए संगठन के प्रतिनिधियों से वार्ता न करना माइंस एक्ट के खिलाफ है। अगर समय रहते प्रबंधन 29 सूत्री मांगों पर वार्ता कर समाधान नहीं करता है, तो बाध्य होकर एटक के बैनर तले सिजुआ क्षेत्र में चक्का जाम किया जाएगा। उक्त बातें सिजुआ क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष मजदूरों को संबोधित करते हुए केंद्रीय सदस्य सह क्षेत्र 3/4 के क्षेत्रीय सचिव लक्ष्मण महतो ने कही। उन्होंने कहा कि मजदूरों की मूलभूत सुविधाओं से संबंधित 29 सूत्री मांगों पर अविलम्ब वार्ता कर समाधान नहीं किया गया, तो बाध्य होकर एटक 5 दिन बाद पूरे सिजुआ क्षेत्र का चक्का जाम करने करेगी। रीजनल अध्यक्ष रामाशीष यादव ने कहा कि एटक की मांगों को नजरअंदाज करना प्रबंधन को भारी पड़ेगा। प्रबंधन संडे बेचना बंद करे, अन्यथा आंदोलन को बाध्य होंगे। मौके पर शरीफ, बिरेन्द्र ठाकुर, मृत्युंजय चटर्जी, एरिया 3 के सचिव बसंत शर्मा, पुरषोत्तम निषाद, बाल्मीकि यादव, विष्णु साव, कामता नोनिया, अशोक कुमार, धर्मेन्द्र कपूर, मनोज मूखिया, भीम महतो, जाकिर, अकबर अंसारी, अब्दुल वाहिद, साजिद, कैलाश महतो, सहित अन्य मजदूर उपस्थित थे।

## अतिक्रमण हटाने के निर्देश से आक्रोशित हैं दुकानदार

दबंग हिन्द,संवाददाता

**निरसा।** निरसा एवं गोबिंदपुर में लगातार लग रहे सड़क महाजाम को देखते हुए जिला प्रशासन ने पुलिस व प्रखण्ड स्तरीय प्रशासनिक अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि हर हाल में सड़क व निरसा चौक को अतिक्रमण से मुक्त कराना सुनिश्चित करें। जिला प्रशासन की सख्ती पर अधिकारी रेस हो गये हैं। अंचलाधिकारी रमेश कुमार ने माइक से घोषणा करायी कि दुकानदारों को 15 दिसम्बर तक का समय दिया जा रहा है। वे अपनी दुकानें हटा लें, अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन के सख्त निर्देश का पालन करते हुए दुकानदारों ने आज दुकान नहीं लगायी, मगर रोजी-रोटी छिन जाने से वे भयाक्रांत और आक्रोशित हैं। दुकानदारों ने कहा है कि प्रशासन को उजाड़ने के पहले हमलोंगों को व्यवस्था देनी चाहिए थी। रोज कमाते थे, तो परिवार का भरण-पोषण होता था। अब हमलोग कंहा जाएंगे? सम्पर्क करने पर अंचलाधिकारी रमेश कुमार ने कहा



कि दुकानदारों को दो दिन का समय दिया गया था। अधिकांस दुकानदारों ने अपनी दुकानें हटा ली हैं, मगर कुछ दुकानदार इस उम्मीद में दुकानें खोल रखी है कि शायद अधिकारी उनपर तरस खा जायें। अंचलाधिकारी ने कहा कि उन्हें निरीक्षण के दौरान अल्टीमेटम दे दिया गया है कि जल्द दुकान समेट ले और फिर कभी दुकान न लगाएं, वर्ना जेसीबी और ट्रैक्टर तैयार है। बचे दुकानदार दुकान हटाने में लग गये हैं। एक प्रश्न के उत्तर में सीओ ने कहा कि उक्त कार्रवाई जिला प्रशासन के निर्देश पर की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुनः दुकानदार दुकान न लगांयें, इसके लिये प्रशासन चौकस है और आगे भी रहेगा। जानकर सूत्रों के अनुसार सर्विस लेन व चौक के अतिक्रमण से पैदल चलना दूभर हो गया था। सर्विस लेन व निरसा चौक पर दुकानदार ही नहीं, बल्कि प्राइवेट कारें और टैम्पो भी अतिक्रमण कर रखे थे, जिसके कारण अबतक कई लोगों ने अपनी जाने गंवा दी है और महाजाम लगता रहा है। बहुतों ने प्रशासन की इस कार्रवाई को उचित ठहराया और कहा कि यह कार्रवाई पहले होनी चाहिए थी।

## 24 घन्टे के अखण्ड हरिकीर्तन का आयोजन



दबंग हिन्द,संवाददाता

**केंदुआ।** केंदुआडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत ईबी सेक्सन केवड़ा कालोनी में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री श्री 24 घन्टे अखण्ड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया है। सर्वप्रथम बुतरू पण्डित द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना कर कलश यात्रा निकाली गयी, जो विबिन्न स्थानों का भ्रमण कर वापस अखण्ड स्थल आकर स्थापित हुई। 15 दिसंबर को थोपहर 1.30 बजे से अखण्ड हरिकीर्तन भव्य पंडाल व आकर्षक साज सज्जा के अंदर शुरू हुआ। कार्यक्रम के मुख्य यजमान एसपी सिंह एवं उनकी पत्नी थी। गायक मंडली ढोल, नाल, बेन्जो, झाल, हार्मोनियम से भक्ति गान का धुन निकाल कर अखण्ड अनुष्ठान में फेरे लगा रहे थे। अखण्ड अनुष्ठान आज 1:30 बजे हवन के साथ सम्पन्न हुआ। तत्पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यकम को सफल बनाने में एसपी सिंह, पंकज पटेल, महेंद्र चौहान, सन्दीप सिंह, छोटू सिंह, अश्विनी कुमार, धर्मराज चौहान, धर्मेन्द्र मण्डल, दिलीप चौहान, प्रदीप पासवान, शनि कुमार, बेन्जो मास्टर विजय दास, नाल वादक इंद्रदेव पासवान, हार्मोनियम मास्टर मनु पासवान आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## मंत्री सुदिव्य ने स्नेहदीप वृद्ध आश्रम में बांटी सामग्री



दबंग हिन्द,संवाददाता

**गियिडीह।** सूबे के नगर विकास, आवास व पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने आज बस स्टैंड रोड स्थित स्नेहदीप वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री ने बुजुर्गों से जहां आशीर्वाद लिया, वहीं दूसरी ओर वृद्ध आश्रम में निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप लगवा कर वृद्धजनों के स्वास्थ्य की जांच कराई। इसके अलावा बुजुर्गों के बीच गर्म कपड़े, बर्तन व खाद्य सामग्रियों का वितरण किया। मंत्री ने बताया कि वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों की सेवा करना सामाजिक कर्तव्य है। हम सबों का फर्ज बनता है कि यहां रहने वाले बुजुर्गों की सेवा करें, ताकि उन्हें अकेलापन महसूस ना हो। उन्होंने बताया कि वृद्धा आश्रम में बुजुर्गों के लिए हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जो कमियां हैं, उसे बहुत जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया है। मौके पर न्यायालय के पीएलवी सीमा देवी, डॉ रवि महर्षि, जेएमएम नेता पप्पू कुमार, शाहनवाज अंसारी, मुनताज उर्फ तूफान, अली सुलेमान उर्फ पप्पू, संवेदक राम भज्जू सिंह, रत्न गुप्ता, प्रदोष कुमार, वृद्धाश्रम कर्मी मुन्ना कुमार सहित अन्य समाजसेवी उपस्थित थे।

## शिविर में 50 यूनिट से अधिक रक्त संग्रह



दबंग हिन्द,संवाददाता

**गिरिडीह।** सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश रजक द्वारा आज प्रखंड कार्यालय परिसर में बृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कई पंचायत प्रतिनिधि व जनप्रतिनिधियों के साथ प्रखंड कार्यालय में कार्यरत कर्मियों ने बहुमूल्य रक्त दान किया। शिविर में 50 से अधिक यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। बीडीओ गणेश रजक ने बताया कि जिले में थैलेसीमिया से ग्रसित बच्चों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है और सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में रक्त की कमी लगातार हो रही है। इसके कारण थैलेसीमिया ग्रसित बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी को देखते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, ताकि जरूरतमंद बच्चों की जान बच सके। महेशलुंडी पंचायत के मुखिया शिवनाथ साव ने कहा कि हम सबो का कर्तव्य बनता है कि थैलेसीमिया ग्रसित बच्चों को समय पर रक्त मिल सके। इसलिए हमें रक्तदान करना काफी जरूरी है। उन्होंने जिले वासियों से अपील करते हुए कहा कि वे जब भी जरूरत पड़े, तो रक्तदान करें।

# मजदूरों शुरू किया धरना और आमरण अनशन

दबंग हिन्द,संवाददाता

**जोड़ापोखर।** सेल कंपनी की जीतपुर कोलियरी की बंद खदानों को फिर से चालू कराने सहित पांच सूत्री मांगों को लेकर असंगठित मजदूर मोर्चा के बैनर तले मजदूरों ने सोमवार से कोलियरी गेट के सामने क्रमिक धरना शुरू किया है, जबकि 18 वर्ष पहले मृत सेल कर्मी स्व॰ मृत्यंजय प्रसाद गुप्ता के लंबित नियोजन के मामले को लेकर उसके आश्रित विजय कुमार गुप्ता ने मोर्चा के तत्वावधान में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की है। इस दौरान मोर्चा समर्थक मजदूरों ने मजदूरों की समस्याओं के समाधान करने की दिशा में पहल नहीं करने का आरोप लगाते हुए सेल प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। मोर्चा के महामंत्री निताई महतो ने कहा कि बंद खदान को चालू कराने, ठेका मजदूरों को कोलियरी में नियमित काम देने, पेंशन, पीएफ तथा ग्रेच्यूटी का भुगतान करने,



ठेका मजदूरों की 7 प्रतिशत वेतन वृद्धि करने तथा 18 वर्ष पूर्व मृत सेलकर्मी मृत्युंजय प्रसाद गुप्ता के आश्रित को तत्काल नियोजन देने की मांग प्रबंधन से मोर्चा लगातार करते आ रहा है, लेकिन प्रबंधन अबतक झूठा आश्वासन देकर टालमटोल करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि 2 दिसम्बर को सेल महाप्रबंधक को पांच सूत्री मांग को लेकर एक ज्ञापन दिया गया था, परन्तु 14 दिन बीत जाने के बाद भी प्रबंधन की ओर से पहल नहीं करने के कारण मजदूरों को आंदोलन करने को बाध्य होना पड़ा है। भूख हड़ताल पर बैठे विजय गुप्ता ने कहा कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगी, भूख हड़ताल जारी रहेगी। मौके पर मोर्चा के शाखा सचिव सुरेश सिंह, नगीना पासवान, भल्लू राउत, सीताराम पासवान, संजय सिंह, कालाचांद महतो, राजेश कुमार, तारकेश्वर तिवारी आदि उपस्थित थे। खदान में जल रिसाव के चलते सुरक्षा की दृष्टि से कोलियरी बंद है। मजदूर के आश्रित का मामला 20 वर्ष पुराना है, जिसे सेल के उच्च अधिकारी ही निदान कर सकते हैं। हमलोग कोलियरी को पुनः चालू करने को प्रयासरत हैं। मोर्चा की मांगों को लेकर वार्ता के लिए बुलाया गया था, परन्तु वे लोग नहीं आये। कोई भी समस्या का समाधान वार्ता से ही हो सकता है।

# न्यायाधीश ने किया धनबाद जेल का निरीक्षण

दबंग हिन्द,संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा विरेंद्र कुमार तिवारी, उपायुक्त सह उपाध्यक्ष डालसा माधवी मिश्रा, एसएसपी सह सदस्य डालसा एचपी जनार्दनन, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, अवर न्यायाधीश राकेश रोशन, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी हेमंत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता सह प्रभारी जेल अधीक्षक विनोद कुमार, सिटी एसपी अजीत कुमार, डीएसपी विधि-व्यवस्था नौशाद आलम व एलएडीसीएस की टीम ने सोमवार को मंडल कारा धनबाद का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने पांच ऐसे बंदियों को चिन्हित किया, जिनकी उम्र 70 वर्ष है। दो ऐसे बंदी भी मिले जिन्हें गंभीर बीमारी है। न्यायाधीश श्री तिवारी के नेतृत्व में टीम ने कारागार के हर हिस्से का मुआयना किया। न्यायाधीश ने चिन्हित बंदियों को मुक्त




कराने के लिए समुचित कार्रवाई का निर्देश दिया। इसके बाद न्यायाधीश के नेतृत्व में टीम ने बंदियों से उनके स्वास्थ्य, इलाज, पेयजल, नास्ता, भोजन व मुकदमे में पैरवी के लिए अधिवक्ता होने अथवा न होने की जानकारी ली। कारागार अस्पताल में निरुद्ध बीमार बंदियों के बेहतर इलाज के लिए उन्हें उच्च स्वास्थ्य सेंटर भेजने का निर्देश जेल डॉक्टर को दिया, वही न्यायाधीश ने चिकित्सा सुविधाओं, पुस्तकालय, रसोई घर, वहां तैयार हो रहे भोजन, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र और ध्यान-सह-योग केंद्र में सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने बंदियों से बातचीत की और उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। न्यायाधीश ने बंदियों को जेल मैनुअल के तहत मिलने वाली सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने का आदेश जेल प्रशासन को दिया। मौके पर जेल डॉक्टर राजीव कुमार सिंह, एलएडीसीएस चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक कांउसिल शैलेन्द्र झा, सुमन पाठक, नीरज गोयल, कन्हैया लाल ठाकुर, स्वाति, मुस्कान, सिविल कोर्ट के सहायक अरुण कुमार, राजेश सिंह, संतोष कुमार समेत जेल के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### अवैध खनन स्थल की डोजरिंग कर भराई

**धनबाद।** कतरास क्षेत्र के सीआईएसएफ, तेतुलमारी पुलिस, एकेडब्ल्यूमसी प्रबंधन ने संयुक्त रूप से अंगारपथरा ओपी स्थित सूर्य मंदिर के समीप कतरी नदी किनारे व बेस्ट मुडीडीह में संचालित अवैध खनन स्थल को ओबी डाल कर डोजर से डोजरिंग करा भराई करा दी। मौके पर संबंधित अधिकारी मौजूद थे। पुलिस ने बताया कि अवैध कारोबार पर नकेल कसने के लिए पुलिस तैयार है।

### लिंडसे क्लब में 20 से तीन दिवसीय पौष पार्बन मेला

**धनबाद।** सदियों पुराना धनबाद का बंगाली संगठन लिंडसे क्लब एंड लाइब्रेरी इस साल 20 दिसंबर से 22 दिसंबरतक क्लब परिसर में प्रमुख वार्षिक कार्यक्रम पौष पार्बन मेला आयोजित करेगा। आज क्लब परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में क्लब के अध्यक्ष और पूर्व निदेशक सीआईएमएफआर डॉ. अमलेंदु सिन्हा ने कहा कि वर्ष 2019 से क्लब का यह आयोजन बड़ी संख्या में धनबाद और आसपास के क्षेत्र से मनोरंजन प्रेमी और सांस्कृतिक प्रेरित लोगों को आकर्षित करता रहा है। डॉ. सिन्हा ने बताया कि इस वर्ष एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन ने 20 दिसंबर को उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि बनने की सहमति दे दी है और डॉ. शर्मिला राणी, प्राचार्या, एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय सह डीन, शिक्षा बीबीएमकेयू इस अवसर पर सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। तीन दिवसीय महोत्सव में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होंगे। बंगाली संस्कृति के खाद्य स्टाल और बंगाल के बाउल और बंगाली बैंड जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

### बाइक सवार को रौंदते हुए चबूतरे पर चढ़ी कार

**मैथन।** मैथन मेगनेट में स्विफ्ट डिजायर कार चालक ने एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मारी, जिसके कारण बाइक सवार प्रीतम बाउरी करीब 5 फीट दूर जाकर गिरा और उसकी बाइक कार के नीचे फंस गयी, जिसे कार चालक ने घसीटते हुए भागने की कोशिश की, मगर सफल नहीं हो सका। इसी चक्कर में कार को चबूतरे पर चढ़ा दिया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने कार चालक राकेश यादव को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि घायल प्रीतम बाउरी को डीवीसी के बीपी नियोगी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां ईलाज किया जा रहा है। मैथन पुलिस कार चालक से पूछताछ कर रही है।

### कड़ाके की ठंड के बावजूद अलाव की व्यवस्था नहीं

**मैथन।** पश्चिम से आ रही सर्द हवाओं के प्रभाव से पूरा झारखंड शीतलहर की चपेट में है। आने वाले दिनों में झारखंड के नौ जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है। इसको लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। शीतलहर के चलते लोग घरों में दुबकने को मजबूर हैं। धनबाद जिले में भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है। दिन में भी धूप में वो गर्माहट नहीं है, जो होनी चाहिए। जिले में पिछले एक हफ्ते से कड़ाके की ठंड पड़ रही है, किंतु गरीबों को राहत देने के लिए प्रखंड द्वारा अलाव की व्यवस्था अब तक नहीं की गयी है, जबकि कायदे से प्रखंड प्रशासन यह व्यवस्था हर साल करता है। ऐसे में चौक-चौराहे एवं जिनके पास अपना आवास नहीं है, वैसे लोगों को कड़ाके की ठंड में काफी दिक्कत हो रही है। इसलिए कुछ लोगों ने खुद अलाव की व्यवस्था कर रखी है, लेकिन प्रखंड प्रशासन अब तक सोया हुआ है।

### लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास की बैठक संपन्न

**धनबाद।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास धनबाद महानगर की बैठक भीम पासवान की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष धनबाद महानगर रामनंदन पासवान उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से सूरज कुमार को वार्ड नंबर 35 का अध्यक्ष चुना गया, जिन्हें जिला अध्यक्ष धनबाद महानगर रामनंदन पासवान ने माला पहनकर एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। सूरज कुमार के नेतृत्व में दो दर्जन से अधिक कार्यकताओं ने लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास का दामन थामा। सभी का पार्टी में स्वागत करते हुए जिला अध्यक्ष श्री पासवान ने कहा कि 15 दिनों के अंदर वार्ड 35 की कमेटी बनाकर जिला को सूचित करें और मंत्री भारत सरकार चिराग पासवान एवं झारखंड प्रदेश अध्यक्ष विरेंद्र प्रधान के हाथों को मजबूत करें। बैठक में जिला उपाध्यक्ष प्रकाश पासवान, जिला महासचिव हरेराम पासवान, जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह, जिला सचिव रणजीत सिंह, वार्ड 47 के अध्यक्ष सूरज कुमार पासवान, पिंटु निषाद, विजय पासवान आदि उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन जगदीश पासवान ने किया।

### शहादत दिवस पर अखंड हरि कीर्तन का आयोजन

**जोड़ापोखर।** जोड़ापोखर थाना के समीप शहीद शशिकांत पांडेय के 9वें शहादत दिवस की पूर्व संध्या पर 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया है। हरिकीर्तन में धनबाद की भजन मंडली एवं स्थानीय महिला भजन मंडली ने उत्तर कांड रामायण का पाठ किया। सोमवार को शहीद के पिता राजेश्वर पांडेय, माँ ललिता देवी, भाई श्रीकांत पांडेय सहित परिवार के लोगों ने शहीद शशिकांत की मूर्ति पर माला पहनाकर कर श्रद्धांजलि दी। मंगलवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। ज्ञात हो कि 9 बर्ष पूर्व शहीद शशिकांत पांडेय कश्मीर के पम्पोर में आतंकवादियों के गोली से 17 दिसम्बर की सध्या 5 बजे शहीद हो गये थे। इसके बाद तत्कालीन बाघमारा विधायक एवं वर्तमान सांसद ढुल्लू महतो के प्रयास से जोड़ापोखर थाना के समीप शहीद शशिकांत की मूर्ति की स्थापना की गयी थी।

### मेयर ने किया वातानुकूलित बस स्टैंड का उद्घाटन

**मैथन।** मेयर बिधान उपाध्याय ने मैथन आगमन मार्ग में बने विशाल तोरण द्वार का फीता के उदघाटन किया। इसके साथ ही मेयर ने मैथन डैम का भी दौरा किया, जहां उन्होंने सफाई, पेयजल, विद्युत के साथ सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इसके अलावा उन्होंने कल्याणेश्वरी मंदिर के निकट नगर निगम द्वारा निर्मित वातानुकूलित बस स्टैंड का उद्घाटन किया। नगर निगम द्वारा निर्मित वातानुकूलित बस स्टैंड से लोगों में काफी हर्ष व्याप्त है।, लोगों का कहना है कि इस तरह के बस स्टैंड के निर्माण से गर्मी के दिनों में लोगों को काफी आराम और सुविधा मिलेगी।

### सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो का स्वागत

**सिंदरी।** रवींद्र नाथ विद्या मंदिर सिंदरी में सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो के आगमन पर उनका स्वागत तिलक लगाकर, गुलदस्ता देकर तथा स्वागत गान से किया गया। विधायक तथा विद्यालय सचिव एसडी चट्टराज द्वारा कवि रवींद्र नाथ टैगोर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। विधायक द्वारा विद्यालय का भ्रमण किया गया तथा विद्यालय के विकास, सड़क, स्ट्रीट लाइट तथा चिकित्सा के संदर्भ में वातार्लाप की गयी। विधायक द्वारा सहयोग करने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सचिव एसडी चट्टराज एवं श्रीमती मुक्ता चटर्जी, विद्यालय के कार्यकारी सदस्य प्रवीर सरकार, विद्यालय समिति के सदस्य प्रदीप चट्टराज एवं राजीव मुखर्जी सम्मिलित थे। तथा विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिका, सरस्वती अधिकारी, सोमा घोषाल, सुनंदा चक्रवर्ती, उमा मुखर्जी, चंदा चौधरी, सुमिता चक्रवर्ती, रूबी डे आदि उपस्थित थे।

### 31 दिसंबर को डहरे टुसू को लेकर बैठक

**धनबाद।** प्लस 2 उच्च विद्यालय बलियापुर के प्रांगण में बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच की बैठक हुई। बैठक में सदस्यों ने निर्णय लिया कि 31 दिसंबर को मंच की ओर से डहरे टुसू का आयोजन किया गया है। उसमें ज्यादा से ज्यादा लोग भागीदारी करेंगे। साथ ही टुसू, चौड़ल के साथ सांस्कृतिक दल झूमर, नटवा आदि की झांकी भी होगी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 31 दिसंबर को डहरे टुसू शोभा यात्रा सरायढेला मड़प थान से रणधीर वर्मा चौक तक होगी तथा वहां टुसू की झांकी और झारखंडी संस्कृति को दिखाया जाएगा।

### आजीविका महिला समूह के कार्यालय से उपस्कर चोरी

**धनबाद।** प्रधानखंता पंचायत के बगल में विवाह भवन में स्थित आजीविका महिला संकुल संगठन स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के कलस्टर कार्यालय से पिछले दिनों 5 ऑफिस कुर्सी, 15 फाइबर चेयर, 4 दरी, एक गैस चूल्हा तथा अन्य उपस्कर चोरी हो गयी थी। महिला दीदियों ने कई बार आवेदन दिया, परन्तु प्राथमिकी दर्ज नहीं हो पायी थी। तब महिला दीदियों ने प्रखंड उप प्रमुख आशा देवी को मामले से अवगत कराया। उप प्रमुख ने थाना प्रभारी आशीष भारती से दूरभाष से संपर्क किया, तो उन्होंने कहा कि वो छुट्टी में है। तब महिला दीदियों के साथ प्रखंड उप प्रमुख बलियापुर थाना पहुंची और चोरी की प्राथमिकी दर्ज करने को कहा और महिला दीदियों ने आवेदन दिया।

### शीघ्र चालू होगी तेलमच्चो जलापूर्ति योजना

**महुदा।** बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो के अथक प्रयास से अतिशीघ्र प्रारंभ होगी तेलमोचो जलापूर्ति योजना। आज विधायक ने तेलमच्चो स्थित जलापूर्ति योजना के प्रारंभिक स्थल जल मीनार (पीएचडी) विभाग के सभी पदाधिकारी के साथ पहुंचे। जलापूर्ति की सभी मशीनों को जल्द दुरूस्त करने का पीएचडी विभाग को निर्देश दिया। उन्होंने व्यवस्था का जायजा लिया, साथ ही अतिशीघ्र व्यवस्थित तरीके से जलापूर्ति योजना को चालू करने का आवश्यक निर्देश दिया, ताकि तेलमच्चो, लोहापट्टी, कांड्रा पंचायत के लोगों को जल की किल्लत की सामना नहीं करना पड़े। तेलमच्चो जलापूर्ति योजना भाजपा सरकार के रघुवर दास के कार्यकाल में पूर्व विधायक ढुल्लू महतो की अनुशंसा पर बनायी गयी थी, लेकिन कमीशनखोरी के कारण योजना में घटिया सामग्री एवं ऐसी टंकी बनाई गई, जिसमें लीकेज हो गया था। इसका विरोध तीनों पंचायत की पूर्व मुखिया पूनम देवी, छोटेलाल महतो, चक्रधारी महतो द्वारा किया गया था।

## रांसा जोमषुइम सह वार्षिक मिलन समारोह में दिखी आदिवासी संस्कृति की झलक

### मांदर की थाप पर झूमे आम- ओ- खास



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**चक्रधरपुर ।** प्रखंड के आसनतालिया मैदान में आदिवासी हो समाज महासभा प्रखंड समिति द्वारा आदिवासी नव वर्ष के अवसर पर रविवार को रांसा जोमषुइम सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक जगत माझी और विशिष्ट अतिथि के रूप में सोनुआ प्रखंड प्रमुख नंदनी सोई शामिल हुईं.इस दौरान विधायक जगत माझी ने मदर बजाते पारंपरिक नृत्य करते हैं हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया. युवाओं से विलुप्त होती आदिवासी भाषा संस्कृति को बचाने का आह्वान किया. आदिवासी रीति-रिवाज व पूर्व त्यौहार का पालन करने के साथ- साथ पारंपरिक परिवेश में ग्रामीणों के रहन- सहन को बढ़ावा देने का भी आग्रह किया. कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आदिवासी समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचे थे. सभी ने भाषा संस्कृति को बचाने का संकल्प लिया.मौके पर पारंपरिक नृत्य संगीत का आयोजन किया गया. कार्यक्रम रविवार दोपहर से लेकर शाम तक चला. मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ उरांव, अंचल अधिकारी अनुज टेटे, आदिवासी हो समाज महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष कृष्णा चंद्र बोदरा, नरेश देवगम, टाटा स्टील फाउंडेशन के मैनेजर शिव शंकर कड़ियांग, हो महासभा प्रखंड अध्यक्ष जोटो सुरीन, करमसिंह बोदरा, लक्ष्मण सामंड, पिंटू सिंह पूर्ति, चक्रधर बोदरा, शंकर, चित्रसेन, बुधराम, रांसा जोमषुइम अध्यक्ष सगुनाथ पूर्ति आदि उपस्थित थे।

## 14 कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों की हुई जांच

### बुनियादी सुविधाओं को किया जाएगा दुरुस्त



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने और विद्यार्थियों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देशन में एक व्यापक अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत कल्याण विभाग द्वारा संचालित जिले के सभी आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों का निरीक्षण एवं मूल्यांकन करने के लिए परियोजना निदेशक पीडीआईटीडीए, रीना हांसदा के नेतृत्व में 12 विशेष टीमों का गठन किया गया। इन टीमों ने जिले के कुल 14 आवासीय विद्यालयों का गहन निरीक्षण किया। प्रत्येक टीम में 4 अधिकारियों को शामिल किया गया, जिन्होंने विद्यालयों में बुनियादी ढांचे, शैक्षणिक सामग्री, शिक्षकों की उपस्थिति, छात्रों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाएं जैसे स्कूल यूनिफॉर्म, बच्चों के स्वास्थ्य जांच एवं हेल्थ रिपोर्ट की स्थिति, किताबें, जूते, और भोजन की गुणवत्ता समेत कई महत्वपूर्ण पहलुओं का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय भवनों की स्थिति, छात्रों के बैठने के लिए बेंच-डेस्क की उपलब्धता, और स्वच्छता की स्थिति पर भी विशेष ध्यान दिया गया।

**उद्देश्य एवं महत्व :** इस अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए परियोजना निदेशक रीना हांसदा ने कहा, यह पहल उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देशन में शुरू की गई, जिसका मुख्य उद्देश्य जिले के कल्याण आवासीय विद्यालयों की शैक्षणिक और आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करना है। जिले के कई विद्यालय सुदूरवर्ती इलाकों में स्थित हैं, जहां नियमित निरीक्षण संभव नहीं हो पाता। इस वजह से बच्चे कई सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं। इस अभियान के तहत विद्यालयों की वास्तविक स्थिति का आकलन कर, आवश्यक सुधारों की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

**जांच अभियान का पहला चरण सफलतापूर्वक पूर्ण :** 14 विद्यालयों की जांच अब पूरी हो चुकी है। पहले चरण में सभी विद्यालयों का गैप असेसमेंट कर, समस्याओं की पहचान करते हुए एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की गई है। इस रिपोर्ट के आधार पर दूसरे चरण में सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। इसमें विद्यालयों की मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करना और विद्यार्थियों के लिए एक समग्र और समृद्ध शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करना शामिल है। उपायुक्त के दिशा निर्देश के आलोक में जिला कल्याण विभाग द्वारा प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर जल्द ही प्रस्ताव पारित कर इन विद्यालयों की बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने का कार्य शुरू किया जाएगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आधारभूत सुविधाएं प्राप्त हों। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने इस अभियान को जिले में शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया है। गुमला जिला प्रशासन इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि शिक्षा के स्तर को सुधारते हुए जिले के हर बच्चे को बेहतर भविष्य के अवसर प्रदान किए जाएं। यह पहल शिक्षा और विकास के प्रति प्रशासन की गंभीरता और समर्पण का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

## गुमला के रामजड़ी गांव में ब्रास एवं ब्रॉन्ज क्लस्टर का उद्घाटन

### पारंपरिक कारीगरी को मिलेगा नया आयाम



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिले के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने बसिया प्रखंड के पोक्टा पंचायत अंतर्गत रामजड़ी ग्राम का दौरा किया। यह गांव अपनी सैकड़ों वर्षों पुरानी ब्रास कारीगरी के लिए प्रसिद्ध है, जहां 250 परिवार पारंपरिक रूप से इस कला से जुड़े हुए हैं। उपायुक्त ने कारीगरों के पारंपरिक कार्य को प्रोत्साहित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा चल रही योजनाओं और प्रयासों का जायजा लिया। इस अवसर पर उपायुक्त ने रामजड़ी ग्राम में ब्रास एवं ब्रॉन्ज क्लस्टर का उद्घाटन किया। इस क्लस्टर का उद्देश्य कारीगरों को सामूहिक रूप से एक मंच प्रदान करना है, जहां वे अपनी कला को और निखार सकें और इसे वृहद स्तर पर प्रदर्शित कर सकें। उपायुक्त ने कारीगरों के साथ बातचीत करते हुए उनके व्यवसाय को और सुदृढ़ करने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने कारीगरों को आधुनिक तकनीकों और बाजार तक पहुंच बनाने में मदद का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री लघु कुटीर उद्यम विकास बोर्ड और हिंडालको के अफ्कार्यक्रम के तहत 50 ब्रास कारीगरों को सुरक्षा उपकरण (टूल किट) वितरित किए गए। उपायुक्त ने कहा कि इन उपकरणों से न केवल कारीगरों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि उनकी कार्यक्षमता में भी सुधार होगा। उन्होंने यह भी बताया कि जल्द ही कारीगरों के लिए एक सामुदायिक सुविधा केंद्र (उत्क्र) भवन का निर्माण किया जाएगा, एवं मशीनों के वितरण किया जाएगा जिसका प्रस्ताव पहले ही पारित हो चुका है। कारीगरों ने अपने काम से जुड़ी कठिनाइयों को उपायुक्त के समक्ष साझा किया। उपायुक्त ने उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव मदद का भरोसा दिया और उन्हें अपने उत्पादों को बेहतर ढंग से बाजार में स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कारीगरों को सहकारी समितियों से जोड़ने और उनके उत्पादों का रजिस्ट्रेशन करवाने के भी निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने कारीगरों को झारखंड से बाहर अपने उत्पादों का प्रदर्शन और बिक्री करने के अवसर प्रदान करने पर भी जोर दिया। इस दौरान कारीगरों द्वारा निर्मित वर्तनों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसे उपायुक्त ने सराहा। उन्होंने कहा कि ब्रास कारीगरी की इस परंपरा को संरक्षित करने के साथ-साथ इसे आधुनिक बाजार की जरूरतों के अनुरूप ढालने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, जिला उद्यमी समन्वयक, वन कर्मी और अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से ले अधिकारी, परेशान नहीं करें: जोबा माझी

### हजारों ग्रामीणों के बीच प्रशासन ने किया कंबल का वितरण, सुनी समस्याएं



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**चक्रधरपुर/गोइलकेरा।** गोइलकेरा प्रखंड के नक्सल प्रभावित सुदूर सेरेंगदा मैदान में सोमवार को जिला प्रशासन की ओर से प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सांसद जोबा माझी, विधायक जगत माझी, उपायुक्त कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर समेत जिले के वरीय अधिकारियों ने शिरकत की। कार्यक्रम में आये हजारों की संख्या में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सांसद जोबा माझी ने कहा सेरेंगदा इलाका पिछड़ा जरूर है लेकिन यहां विकास की किरणें पहुंचने लगी है। पूर्व में यहां आने के लिए सड़क नहीं थी। लेकिन अब सड़क के साथ कारो नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कराया गया है। उन्होंने अधिकारियों से कहा सुदूर इलाके से आने वाले ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेकर समाधान करें। किसी तरह की टाल मटोल का रवैया नहीं अपनाने। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि जल्द ही सेरेंगदा इलाके के लिए सांसद निधि से एम्बुलेंस उपलब्ध कराया जाएगा। विधायक जगत माझी ने कहा यहां की समस्याओं से वाकिफ हूं। जल्द ही प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान करेंगे। कार्यक्रम के दौरान मानकी मुंडा और पंचायत प्रतिनिधियों ने सेरेंगदा इलाके में मोबाइल नेटवर्क नहीं होने की समस्या को प्रमुखता से रखा। जिसपर सांसद-विधायक और उपायुक्त ने कहा जल्द ही नये टावर लगाकर इसका समाधान कर दिया जाएगा। उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने कहा सांसद और विधायक की पहल पर प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की समस्याओं को दूर करना और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारना है। यहां नेटवर्क की समस्या को दूर किया जाएगा, ताकि ग्रामीण फोन या मैसेज के माध्यम से भी हमारे तक अपनी बात रख सके। वहीं पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने कहा पुलिस अधीक्षक विधि व्यवस्था की समस्या नहीं है। ग्रामीणों की जो भी समस्या है उसे बताए, समाधान करने के लिए कटिबद्ध है। नेटवर्क की समस्या दूर किया जाएगा। कहा जिला प्रशासन आपके साथ है। सभी को विकास की धारा से जोड़ने का लक्ष्य है। कार्यक्रम के दौरान सभी ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया गया। वहीं विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी के साथ लाभ दिया गया।

## मनोज पासवान को झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन से हटाने का मामला तुल पकड़ा

### मनोज के शिकायत पर एसपी ने दिया जांच का आदेश



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**गुमला।** एसटी-एससी थाना में एएसआई के पद पर पदस्थापित मनोज पासवान को गलत तरीके से झारखंड पुलिस एसोसिएशन से छः माह से निकाल दिये जाने का मामला अब तुल पकड़ने लगा है, मनोज ने इस सम्बन्ध में गुमला के पुलिस अधीक्षक के पास एक लिखित शिकायत पत्र समर्पित कर जांच कराते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग किया था तथा मामला प्रभात खबर में प्रकाशित होने के बाद पुलिस अधीक्षक के स्तर से इसकी जांच पड़ताल शुरू हो गया है ' इस मनोज पासवान ने अपने हक के लिए एक भारतीय नागरिक के हैसियत पर सूचना का अधिकार (आरटीआई) का प्रयोग करते हुए झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन के केंद्रीय कार्यालय रांची के जन सूचना पदाधिकारी (पीआईओ ) से चार बिंदु पर आवश्यक सूचनाएं भी मांगी है जिसमें झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन का संघीय नियमावली, किस नियम के तहत उनकी सदस्यता से वंचित किया गया, एसोसिएशन का चुनाव नियमावली, वगैर चुनाव का एसोसिएशन में नये पदाधिकारी को किस नियम के तहत मनोनीत किया गया की सूचनाएं की मांग किया गया है ।

## राष्ट्रीय कोयला मजदुर यूनियन की 21 सूत्री मांगो को लेकर हुआ बैठक



### सभी मांगों पर सकारात्मक पहल करने का प्रबंधन ने दिया आश्वासन

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** क्षेत्रीय कर्मशाला (ब) भुरकुंडा में सोमवार को राष्ट्रीय कोयला मजदुर यूनियन की 21 सूत्री एजेंडा को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्रमवार सभी बिन्दुओ पर बारी-बारी से विस्तृत रूप से चर्चा की गई। जिसमें कर्मियों की सेवा, कर्मियों की आवासीय सुविधा, कार्य स्थल की कमियों से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं की ओर यूनियन ने प्रबंधन का ध्यान आकृष्ट कराया। जिस पर प्रबंधन द्वारा यूनियन के सभी मांगों पर तत्काल सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में प्रबंधन की ओर से परियोजना पदादिकारी अजहर खान, कार्मिक पदादिकारी अपर्णा कुमारी, सिविल इंजीनियर बालमुकुंद उपाध्याय और यूनियन की ओर से बरका-सयाल क्षेत्रीय अध्यक्ष शशि भूषण सिंह, क्षेत्रीय सचिव देवेंद्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष एसएन प्रसाद, सह सचिव विमल बिहारी श्रीवास्तव, नौशाद हुसैन, वशिष्ट मुनि विश्कर्मा, अरुण कुमार, अर्जुन बेदिया, महेंद्र, प्रेम कुमार पासवान आदि मौजूद थें।

### केवि भुरकुंडा का एलुमनी मीट 22 को

## जुटेंगे देश भर से सैकड़ों पूर्ववर्ती विद्यार्थी, तैयारी शुरू



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा का एलुमनी मीट 22 दिसंबर को होगा। इसकी तैयारी को ले रविवार को रिवर साईड भुरकुंडा स्थित स्कूल प्रांगण में पूर्ववर्ती विद्यार्थियों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता संजय खंडेलवाल व संचालन भूपेंद्र सिंह सैनी उर्फ जिबू ने किया। बैठक में मिलन समारोह की तैयारियों पर चर्चा हुई। बताया गया कि मिलन समारोह में पूरे देश भर से केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा के सैकड़ों पूर्ववर्ती विद्यार्थी जुटेंगे। साथ ही समारोह में स्कूल के कई शिक्षक भी शामिल होंगे। जिनके मार्गदर्शन में इसे यादगार बनाया जाएगा। बताया गया कि 22 दिसंबर की सुबह 9 बजे सभी स्कूल परिसर में जुटेंगे। यहां शिक्षकगण समारोह का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद स्कूल के तर्ज पर एसेंबली होगी। तत्पश्चात आर्शीवचन व सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सभी सामूहिक भोज का आनंद उठाएंगे। बैठक में सत्येंद्र पांडेय, महेंद्र सिंह, संतोष अरिपन्न, रामकैलाश शर्मा, के राजू, अजय मित्रा, संजय कुमार रवि, दीपक मिश्रा, सुदीप चौधरी, कुंवर रणजीत सिंह, शांतनू सिन्हा, नीतीश सिंह, दुर्गेशनंदन तिवारी, संतोष शर्मा, श्यामबाबू साह, कुंदन पासवान, मुन्ना, अशोक, जितेंद्र साव आदि मौजूद थे।

## जिला के गुमला बसिया एवं चैनपुर अनुमंडल में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम 18 दिसंबर को होगा



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**गुमला।** महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड राँची के द्वारा निर्गत पुलिस आदेश संख्या-99/2024 के आलोक में नागरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावकारी ढंग से निवारण करने हेतु गुमला जिलान्तर्गत सभी अनुमण्डल में दिनांक- 18.12.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे ह्लजन शिकायत समाधान कार्यक्रमह्व का आयोजन किया गया है। उक्त निर्देश के आलोक में आम जनों द्वारा पुलिस से किसी भी प्रकार का सहयोग हेतु निम्नांकित माध्यम से संपर्क/शिकायतों को अंकित किया जा सकता है:-

**1.फोन नं0** - 91-9508165460

**2.व्हाट्सएप नं0:** - 91-9508165460

3. **E-mil ID:** janshikayatgumlÖ@jhpolice.gov.in

आमजनों के शिकायतों का त्वरित निवारण हेतु उक्त माध्यमों का अधिक से अधिक लोगों के बीच प्रचार प्रसार करने के लिए जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, गुमला को पत्राचार किया गया है साथ ही सभी थाना प्रभारी, सभी प्रशाखा पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है। नागरिकों के शिकायत का त्वरित एवं प्रभावी निवारण हेतु यह झारखण्ड पुलिस की अनुठी पहल है। दिनांक-18.12.2024, दिन बुधवार को गुमला जिला में अनुमण्डल स्तर पर निम्नांकित स्थानों पर जन शिकायत **कार्यक्रम का आयोजन किया जाना निर्धारित है:**

**अनुमंडल- गुमला अंतर्गत, दिनांक-18.12.2024, दिन बुधवार, पूर्वाह्न 11:00 बजे :** 1. नगर भवन, गुमला। 2.घाघरा थाना परिसर, घाघरा।

**अनुमंडल -बसिया अंतर्गत, दिनांक-18.12.2024, दिन बुधवार, पूर्वाह्न 11:00 बजे:** 1. बसिया थाना परिसर बसिया।

**अनुमंडल - चैनपुर अंतर्गत, दिनांक-18.12.2024, दिन बुधवार, पूर्वाह्न 11:00 बजे :** 1. रायडीह थाना परिसर, रायडीह। 2. डुमरी थाना परिसर, डुमरी। 3. चैनपुर थाना परिसर, चैनपुर।

## कराईकेला में धान अधिप्राप्ति केन्द्र का विधायक ने किया उद्घाटन

### प्रति क्विंटल किसानो को मिलेगा 24 सौ रुपये,किसानों की बढ़ेगी आमदनी - विधायक



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**चक्रधरपुर/ बंदगांव।** कराईकेला लैम्प्स में बुधवार को धान अधिप्राप्त केन्द्र का उद्घाटन विधायक सुखराम उरांव ने दीप प्रज्वलित कर किया.इस मौके पर विधायक सुखराम उरांव ने कहा कि कराईकेला में धान अधिप्राप्ति केन्द्र का खुलना किसानों के लिये काफी खुशी एवं आमदनी बढ़ाने के लिये है.उन्होंने कहा यह केन्द्र खाध, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोकता विभाग द्वारा खुला गया है. उन्होंने कहा कि कराईकेला लेम्प्स में धान अधिप्राप्त केन्द्र खुल जाने से किसानो को सरकारी दर पर धान का मुल्य मिलेगा. यहां क्रय केन्द्र नहीं होने से बाजारो में किसानो को दस से 12 रुपये प्रति किलो बेचना पडता था.अव किसानो को धान क्रय केन्द्र में धान देने से सरकारी दर बोनस के साथ 24 सौ रुपये प्रति क्विंटल के दर से मिलेगा. उन्होने कहा कि प्रखण्ड में अवतक 418 किसानो का रजिस्ट्रेशन हुआ है.उन्होंने कहा अंचल कायार्लय बंदगांव में किसानो का रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है.उन्होंने कहा कराईकेला लेम्प्स गोदाम के लिये भवन का निर्माण भी की जाएगी. जिससे अधिक से अधिक किसानों का धान की खरीद सरकारी मूल्य पर हो सके.उन्होंने कहा लेम्प्स में कोई भी समस्या हो उसकी जानकारी दें समस्या का निदान किया जायेगा.सीओ भीकम कुमार ने कहा कि धान क्रय केन्द्र खुलने से किसानो में खुषी का लहर है. उन्होंने कहा सरकार का इस योजना से किसानो को सिधा लाभ मिलता है. वहीं बाजार से अधिक दर प्राप्त होता है. पहले दिन धान क्रय केन्द्र में लगभग 55 क्विंटल धान किसानो से खरीदारी की गई.उन्होंने सभी किसानों से अपील किया कि किसान लैम्पस में ही धान का बिक्री करें।

## एक नजर

### सुखराज सुरीन की अध्यक्षता में आदिवासी मित्र मंडल प्रागंण में 'महाधिवेशन'



**दबंग हिन्द ,चक्रधरपुर ।** आदिवासी मित्र मंडल प्रागंण चक्रधरपुर में 'महाधिवेशन'का आयोजन सुखराज सुरीन की अध्यक्षता में किया गया।

**इस महाधिवेशन में सर्वसम्मति से नये कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया :अध्यक्ष**-संजय केरकेट्टा **सचिव**- सुखराज सुरीन **कोषाध्यक्ष**-देवानन्द मुर्म

**महिला समिति का सर्वसम्मति से गठन किया गया: अध्यक**- नितिमा जोंको **सचिव**- अजिता लागुरी **कोषाध्यक्ष**-मधु डागिल

**युवा समिति का सर्वसम्मति से गठन किया गया: अध्यक्ष**- अर्जुन मुंडा **सचिव** - रविन्द्र गिलुवा **कोषाध्यक्ष**- कुश माझी।

### आग तापने के क्रम में बुरी तरह झुलसी महिला, अस्पताल में इलाजरत

**दबंग हिन्द ,चाईबासा ।** सरायकेला थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव निवासी दुखनी नायक 40 वर्षीय सोमवार सुबह करीब 8 बजे आग तप रही थी, तभी उनके साड़ी में आग पकड़ लिया. आनन फानन में परिजनों ने उसे इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया. दुखनी के तीन बच्चे हैं. उनका दोनों पैर और पेट जल गया है. जानकारी देते हुए बेटा सुशील नायक ने बताया चूल्हा में आग ताप रही थी. सरायकेला सदर अस्पताल ले गए, जहां से बेहतर इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल रेफर कर दिया. यहां महिला का इलाज चल रहा है।

### मां शीतला मंदिर में चल रहे श्रीमद भागवत कथा के छठे दिन भी उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़



**दबंग हिन्द ,भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा सयाल मोड़ स्थित माता शीतला मंदिर प्रांगण में बुधवार से चल रहे सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के छठे दिन सोमवार को आरती के साथ कथा वाचन की शुरूआत हुई। जिसमें कथा वाचक पुरोहित पंडित रामकुमार पाठक ने श्रद्धालुओं को श्री कृष्णा की रास लीला की कथा एवं कंश के वध की कथा का सार बताया। जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्ति विभोर के साथ कथा का श्रवण किया। तत्पश्चात महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ छठे दिन की कथा का समापन किया गया। बताया गया कि प्रतिदिन 3 बजे से शाम 5 बजे तक आगामी 17 दिसंबर तक श्री भागवत कथा का प्रवचन किया जायेगा। धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में किशोर यादव, भोला सिंह, पिंटू लाल, अशोक सिंह, अजय यादव, मुन्ना यादव, भीम सिंह, मीणा देवी, रीना देवी, उत्तम सिन्हा, मोहन कुमार, मंगलम, गणेश श्रीवास्तव, नान्हू यादव, राजन नायक सहित दर्जनो श्रद्धालु जुटे हैं।

### भुरकुंडा पंचायत भवन में घासी समाज झारखंड प्रदेश की बैठक 22 को : जग्गू घांसी



**दबंग हिन्द ,भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पंचायत भवन में आगामी 22 दिसंबर को सम्बल पुरिया घासी समाज झारखंड प्रदेश की बैठक आयोजित की जायेगी। उक्त जानकारी देते हुए समाज के जग्गू घांसी, रवि दीप, विजय कुमार, रंजीत, दीप, छुन्नू, सागर, सुरज, सतीश, सागर, बजरंग आदि ने बताया कि भुरकुंडा पंचायत में 22 दिसंबर को 3 बजे आहुत बैठक में रामगढ़ जिले के सभी सदस्य शामिल होंगे। इसमें शिक्षा, समाज का उत्थान, समाज की मजबुती और एकजुटता पर बल देते हुए मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जायेगा।

### गिद्दी पुलिस ने फ्लिपकार्ट कर्मी से हुई बाइक लूट का किया खुलासा, एक गिरफ्तार



**दबंग हिन्द ,गिद्दी(हजारीबाग)।** अरगड्डा माइंस के नजदीक दो दिसंबर की रात्रि में फ्लिपकार्ट के कर्मी के साथ लूटपाट हुई थी. गिद्दी पुलिस ने इस लूटपाट का खुलासा करने में सफलता प्राप्त किया है. पुलिस ने लूटी गयी बाइक, हेल्मेट तथा लूट में शामिल बाइक जब्त किया है. गिद्दी थाना प्रभारी कुंदन कुमार ने सोमवार को प्रेसवार्ता में बताया कि तकनीकी अनुसंधान से मिली सूचना पर होसिर मियांबांध, गोमिया से गोवर्धन रविदास को गिरफ्तार किया है. उसके पास से लूट में शामिल बाइक तथा उसके निशानदेही पर बुंडू, केरेडारी से लूटी गयी बाइक जब्त किया है. पुलिस ने बताया कि इस लूटपाट की घटना में पांच अपराधकर्मी शामिल थे. फरार अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए उसके संभावित ठिकानों पर छापामारी की जा रही है. गिद्दी पुलिस ने बताया कि इस गिरोह में शामिल अपराधकर्मी कई जगहों पर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया है और जेल भी गये है. इस छापामारी अभियान में गिद्दी थाना प्रभारी कुंदन कुमार, एसआइ रथु उरांव, सुनील महतो व गोवर्धन राम शामिल थे।

### 25वीं सिल्वर जुबली सेलिब्रेशन के मौके पर गुमला के निलेश कुमार साहू सम्मानित किए गए



**दबंग हिन्द ,गुमला।** झारखंड राज्य कुश्ती संघ के 25 वी सिल्वर जुबली सेलिब्रेशन रांची के मोराबादी पार्क प्राइम होटल में आयोजित कुश्ती के खिलाड़ियों को बढ़ावा के लिए गुमला जिला के कुश्ती संघ के जिला सचिव निलेश कुमार साहू को इंडियन हॉकी संघ के महासचिव भोलानाथ सिंह एवं झारखंड राज्य कुश्ती संघ के महासचिव रजनीश कुमार के द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया साथ ही मनोबल बढ़ाते हुए खेल नगरी गुमला जिला के ख्याति प्राप्त कुश्ती को बढ़ावा देने वाले जिला के होनहार कुश्ती खिलाड़ी निलेश कुमार साहू को नेशनल खिलाड़ियों ने बधाई दिया गुमला जिला के खेल प्रेमी समाजसेवी द्वारा निलेश कुमार साहू को बधाई दिया है सम्मानित होने के बाद निलेश कुमार साहू ने कहा है कि सम्मान से खिलाड़ियों और गुमला जिला गढ़वाली महसूस कर रही है आगे भी हमारा प्रयास रहेगा जिला के सुदूर भर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में छुपे हुए कुश्ती खिलाड़ियों को निखारने में अपना योगदान आगे भी देता रहूंगा।

### अहम मुकाबले में मेघाहातुबुरू की टीम को छह विकेट से पराजित कर फाइनल में पहुंचा लारसन क्लब




**दबंग हिन्द ,चाईबासा ।** एसआर रुंगटा ए-डिवीजन लीग के रविवार को खेले गये मुकाबले में लारसन क्लब चाईबासा ने मेघाहातुबुरू क्रिकेट क्लब को छह विकेट से पराजित कर पूरे चार अंक हासिल किए. इस जीत के साथ ही लारसन क्लब चाईबासा अपने ग्रुप लीग के पांच में से चार मैच जीतकर 16 अंकों के साथ अंक तालिका में पहले स्थान पर बनी हुई है और इसका फाइनल खेलना लगभग तय है। चाईबासा के बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर खेले गए आज के मैच में टॉस लारसन क्लब के कप्तान ने जीता तथा विपक्षी टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया. पहले बल्लेबाजी करते हुए मेघाहातुबुरू की टीम 33.2 ओवर में 222 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी.जीत के लिए निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी लारसन क्लब की टीम ने 28.4 ओवर में मात्र चार विकेट खोकर 223 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया. अक्षत पटेल ने पांच चौके एवं सात छक्के की मदद से 89 रनों की बेहतरीन पारी खेली. देवांश शुक्ला ने भी पांच चौके एवं दो छक्के की सहायता से 50 रन बनाए. अन्य बल्लेबाजों में तौसिफ अहमद ने 28 तथा हिमांशु पांडेय ने नाबाद 23 रनों का योगदान दिया. मेघाहातुबुरू क्रिकेट क्लब की ओर से यशस्वी गौतम ने 41 रन देकर दो विकेट तथा प्रशांत कुमार ने 24 रन देकर एक विकेट लिया।

RNI NO. JHAHIN/2013/54377 मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार मिश्रा द्वारा ''मिश्रा प्रकाशन'' गौरीशंकर नगर ,नया बस्ती ,कडरू ,रांची , पिन कोड -834002 से मुद्रित एवं कार्यालय हिन्दी दैनिक ''दबंग हिन्द'', गौरी शंकर नगर, नया बस्ती, कडरू, रांची-834002 से प्रकाशित।
संपादक : अब्दुल कुदुस, पीआरबी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिये उत्तरदायी। फोन नं : 0651-2480574, 9905737601, E-mail : dabanghind@gmail.com

# उस्ताद जाकिर हुसैनः एक संगीत साधक



दिलीप कुमार पाठक

**महान लोगों की महान बातें जाकिर हुसैन साहब को कोई उस्ताद कहता तो असहज हो जाते थे, और बड़ी शालीनता के लिए कहते - भाई मैं उस्ताद नहीं हूं मुझे आप जाकिर या जाकिर भाई कहो उस्ताद कभी बनना भी नहीं चाहूंगा, मैं हमेशा शागिर्द बनकर रहना चाहता हूं '**

महान तबला वादक जाकिर हुसैन साहब को ब्लड प्रेशर की परेशानी के कारण अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को के एक हस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उन्होंने आखिरी साँस ली ' कुछ दिन पहले ही उन्हें हार्ट की दिक्कत भी हुई थी। महान तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन साहब का अमेरिका में निधन होने की खबर आने के बाद पूरे मुल्क में शोक छा गया ' जाकिर हुसैन साहब जैसी शख्सियतें युगों में कभी जन्म लेती हैं ' उस्ताद जाकिर हुसैन साहब का जाना सचमुच एक युग का अंत हो जाना है ' जाकिर हुसैन अपने आप में संगीत का एक युग थे ' ये हिंदुस्तान का बहुत बड़ा नुकसान है ' पीढ़ियां इस बात पर सीना चौड़ा करेंगी कि ऐसा पुष्प हिन्द के आँगन में उगा था, जिसके संगीत की खुशबू से पूरी दुनिया महकती है ' ऐसा कोई व्यक्ति नहीं जो जाकिर हुसैन साहब की थापों पर फि दा न हुआ हो ' जैसे आज आश्चर्य होता है कि सुर सम्राट तानसेन क्या भारत में ही पैदा हुए थे? आने वाले दौर में बच्चे गर्व करेंगे कि महान तबला उस्ताद हमारे वतन के थे '

तब ही तो साहित्यकार शायर ध्रुव गुप्त उस्ताद जाकिर हुसैन साहब की महान शख्सियत को याद करते हुए कहते हैं -

*-कभी बारिश, कभी तूफां, कभी बिजली की कड़क*
*वो उंगलियां थीं कि कुदरत का करिश्मा थीं, हुजूर !*

उस्ताद जाकिर हुसैन अक्सर कहा करते हैं कि भारतीय शास्त्रीय संगीत स्टेडियम के लिए नहीं है, बल्कि यह कमरे का संगीत है। हालांकि ये भी सच है शायद ही कोई देश बचा हो, जहां जाकिर हुसैन साहब ने अपना शो नहीं किया और श्रोताओ को अपनी कला का दीवाना ना बनाया हो।

उस्ताद जाकिर हुसैन मशहूर तबला वादक कुरैशी अल्ला रक्खा खान के पुत्र थे ' अल्ला रक्खा खान भी तबला बजाने में माहिर माने जाते थे। जाकिर हुसैन जब अपनी उंगलियों और हाथ की थाप से तबला बजाते थे तो मंत्रमुग्ध कर देते थे । उनके तबले के सुर को सुन लोग मदहोश हो जाते हैं और कहते हैं वाह उस्ताद। हालांकि टेलीविजन पर आता ताज चाय का विज्ञापन भी उन्हें नई पीढ़ी में खासा लोकप्रिय बनाता था ' आज अधिकांश लोग उस स्लोगन के साथ उस्ताद को याद कर रहे हैं '



जाकिर हुसैन ने देश ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में अपनी कला का परचम लहराया है। खुद का नाम तो रोशन किया ही बल्कि अपने राष्ट्र का मान बढ़ाया ' हमारी पीढ़ी के लोगों के लिए तबला का दूसरा नाम उस्ताद जाकिर हुसैन ही रहा है ' उस्ताद बिस्मिल्ला खान की शहनाई, हरि प्रसाद चौरसिया की बांसुरी, पंडित शिव शर्मा का संतूर..... इसी तरह तबला उस्ताद जाकिर हुसैन साहब के साथ जुड़ा हुआ है ' जीवन में इतनी प्रसिद्धि पाने के बाद भी उस्ताद को सादगी से रहना पसंद करते थे ' और वह अक्सर जमीन से जुड़े रहते थे '

महान लोगों की महान बातें जाकिर हुसैन साहब को कोई उस्ताद कहता तो असहज हो जाते थे, और बड़ी शालीनता के लिए कहते - भाई मैं उस्ताद नहीं हूं मुझे आप जाकिर या जाकिर भाई कहो उस्ताद कभी बनना भी नहीं चाहूंगा, मैं हमेशा शागिर्द बनकर रहना चाहता हूं ' तबला के महान विद्वान खुद को उस्ताद मानते ही नहीं थे, ये शालीनता उन्हें बहुत अलहदा अद्वितीय कलाकार बनाती है '

उन्होंने अपने जीवन में कई संघर्षों के बाद यह मुकाम पाया है। जाकिर हुसैन के अंदर बचपन से ही धुन बजाने का हुनर था। वे कोई भी सपाट जगह देखकर उंगलियों से धुन बजाने लगते थे। यहां तक कि किचन में बर्तनों को भी नहीं छोड़ते थे। तवा, हांडी और थाली, जो भी मिलता, वे उस पर हाथ फेरने लगते थे। शुरूआती दिनों में उस्ताद जाकिर हुसैन ट्रेन में यात्रा करते थे। पैसों की कमी की वजह से जनरल कोच में चढ़ जाते थे। सीट न मिलने पर फर्श पर अखबार बिछाकर सो जाते थे। तबले पर किसी का पैर न लगे, इसलिए उसे अपनी गोद में लेकर सो जाते थे। ऐसा समर्पण जब किसी कलाकार में आ जाता है तो वो किवदंती बन जाता है ' केवल 12 साल की उम्र में 5 रुपए मिले थे जब जाकिर हुसैन 12 साल के थे, तब अपने पिता के साथ एक कॉन्सर्ट में गए थे। उस कॉन्सर्ट में पंडित रविशंकर, उस्ताद अली अकबर खान, बिस्मिल्लाह खान, पंडित शांता प्रसाद और पंडित किशन महाराज जैसे संगीत की दुनिया के दिग्गज पहुंचे थे। जाकिर हुसैन अपने पिता के साथ स्टेज पर गए। परफॉर्मेंस खत्म होने के बाद जाकिर को 5 रुपए मिले थे। एक इंटरव्यू में उन्होंने इस बात का जिक्र करते हुए कहा था- मैंने अपने जीवन में बहुत पैसे कमाए, लेकिन वे 5 रुपए सबसे कीमती थे। अमेरिका में भी जाकिर हुसैन को बहुत सम्मान मिला। 2016 में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने उन्हें ऑल स्टार ग्लोबल कॉन्सर्ट में भाग लेने के लिए व्हाइट हाउस में आमंत्रित किया था। जाकिर हुसैन पहले इंडियन म्यूजिशियन थे, जिन्हें यह इनविटेशन मिला था। उस्ताद जाकिर हुसैन को 1988 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था, तो सबसे कम उम्र के कलाकार थे ' 2002 में पद्म भूषण और 2023 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। उन्हें 2009 में पहला ग्रैमी अवॉर्ड मिला था। 2024 में उन्होंने 3 अलग-अलग एल्बम के लिए 3 ग्रैमी भी जीते। संगीत की दुनिया में उस्ताद जाकिर हुसैन साहब आप ध्रुव तारे की तरह चमकते रहेंगे ' आपकी उँगलियों से निकलता संगीत पूरी दुनिया के बीच आपको ज़िन्दा रखेगा'

(लेखक /पत्रकार)

## संपादकीय

# संकल्पबद्ध होने का अवसर

आपातकाल को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को लोक सभा में कहा कि उसके माथे से यह कलंक कभी नहीं मिट सकता। 'संविधान के 75 वर्ष की गौरवशाली यात्रा' पर चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने नेहरू-गांधी परिवार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस परिवार ने हर स्तर पर संविधान को चुनौती दी है। इससे पूर्व चर्चा में हिस्सा लेते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सरकार कर तीखा प्रहार करते हुए आरोप लगाया था कि जिस तरह एकलव्य का अंगूठा कटा था, उसी तरह आज देश के युवाओं का अंगूठा काटा जा रहा है। 'जैसे एकलव्य ने तपस्या की थी, वैसे ही हिन्दुस्तान के युवा सुबह उठ कर अलग-अलग परीक्षा की तैयारी करते हैं, लेकिन जब आपने 'अग्निवीर' लागू किया तब आपने उन युवाओं का अंगूठा काटा।' 'किसानों का अंगूठा काटा गया है। उद्योगपतियों को अनुचित लाभ पहुंचा कर देश का अंगूठा काटने का काम किया जा रहा है।' चर्चा में हिस्सा लेते हुए सपा नेता अखिलेश यादव ने अल्पसंख्यकों से भेदभाव का आरोप लगाया। इसका तीव्र प्रतिवाद करते हुएसंसदीय कार्यमंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर किसी को भी ऐसी बात नहीं करनी चाहिए जिससे देश की छवि को नुकसान पहुंचे। कहा, ह्यकभी-कभी ऐसी बात की जाती है कि मानो अल्पसंख्यकों को कोई अधिकार ही नहीं है।' बेशक, भारत के संविधान की 75 वर्षों की यात्रा गौरवपूर्ण रही है, लेकिन सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तल्खी इसके अनुरूप नहीं है। सत्ता पक्ष को हमेशा से लगा है कि प्रतिपक्ष अपनी भूमिका से न्याय नहीं कर रहा तो विपक्ष को हमेशा ही लगा है कि सत्ता पक्ष उसकी सुन नहीं रहा। इस सारी खींचतान में संसद की कार्यवाही इस तरह बाधित होती है कि किसी अपराधपूर्ण कृत्य से कम नहीं प्रतीत होती। न तो सत्ता पक्ष को भान होता है कि संसद की कार्यवाही में व्यवधान देश के नागरिकों के धन का अपव्यय है, और न ही विपक्ष इस बात को समझने को तैयार है कि उसे रचनात्मक विपक्ष की भूमिका का निवर्हन करना है। सरकार को घेर कर जवाबदेह बनाने का मतलब कदापि यह नहीं हो सकता कि हो-हल्ला और शोर-शराबा करके सदन का बेशकीमती समय और देशका धन बर्बाद कर दिया जाए। संविधान की यात्रा का 75वां वर्ष अवसर है जब पक्ष-विपक्ष संकल्पबद्ध हों कि सदन के कामकाज को किसी सूरत बाधित नहीं होने देंगे। तभी संविधान का मर्म और भावना चोटिल होने से बची रह सकेगी।

## चिंतन-मनन


# प्रकृति की तीन शक्तियां

प्रकृति में तीन शक्तियां हैं- ब्रह्म शक्ति, विष्णु शक्ति और शिव शक्ति। प्रायः तुममें कोई भी एक शक्ति अधिक प्रबल होती है। ब्रह्म शक्ति वह ऊर्जा है जो नव-निर्माण करती है; विष्णु शक्ति ऊर्जा का पालन करती है और शिव शक्ति वह ऊर्जा है जो रूपांतरण करती है- नया जीवन देकर या संहार कर। तुममें से कुछ हैं जिनमें ब्रह्म शक्ति प्रबल है। तुम सृष्टि तो कर सकते हो, पर अपनी रचना को सुरक्षित नहीं रख पाते। हो सकता है तुम तुरंत ही नए मित्र बना लो, परंतु वह मित्रता अधिक समय तक टिकती नहीं। तुममें कुछ और लोग हैं जिनमें विष्णु शक्ति है। तुम रचना नहीं कर सकते, परंतु जो है उसे अच्छी तरह संभालकर रखते हो। तुम्हारी सभी पुरानी दोस्ती बहुत स्थायी होती है, परंतु तुम नए मित्र नहीं बना पाते। और तुममें कुछ ऐसे भी लोग हैं जिनमें शिव शक्ति प्रबल है। वे नव-जीवन लाते हैं या रूपांतरण, या जो है उसे खत्म करते हैं। गुरु शक्ति में ये तीनों शक्तियां पूर्ण रूप से प्रफुल्लित हैं। पहले यह पहचानो कि तुममें कौन-सी शक्ति प्रबल है और फिर गुरु शक्ति की आकांक्षा करो, प्रार्थना करो। संपूर्ण सृष्टि सरलता और बुद्धिमत्ता के मंगलमय लय से प्रकृति के नियमों पर चल रही है। यही मंगल ही दिव्यता है। शिव वह सामंजस्यपूर्ण सरलता है जो कोई नियंत्रण नहीं जानती। शिव का विपरीत है वशी, यानी नियंत्रण। नियंत्रण मन का होता है। नियंत्रण का अर्थ है दो, द्वैत, कमजोरी। वशी का अर्थ है स्वाभाविकता से कुछ करने के बजाए दबाव द्वारा कुछ करना। प्रायः लोग समझते हैं कि उनका जीवन, परिस्थितियां उनके नियंत्रण में, उनके वश में हैं; परंतु नियंत्रण एक भ्रम है, मन में क्षणिक ऊर्जा का दबाव नियंत्रण है। यह है वशी। शिव इसका विपरीत है। शिव ऊर्जा का स्थाई और अनंत स्रोत है, सत्ता की अनंत अवस्था, वह एक जिसका कोई दूसरा नहीं। द्वैत भय का कारण है और वह सामंजस्यपूर्ण सरलता द्वैतवाद को विलीन करती है। जब एक क्षण पूर्ण है, संपूर्ण है; तब वह क्षण दिव्य है। वर्तमान क्षण में होने का अर्थ है- न भूतकाल का पछतावा, न भविष्य की कोई मांग। समय रुक जाता है, मन रुक जाता है। तुम्हारे शरीर के प्रत्येक कोष में पांचों इंद्रियों की क्षमता है। आंखों के बिना तुम देख सकते हो, दृष्टि चेतना का अंश है; इसीलिए स्वप्न में तुम आंखों के बिना देख सकते हो।

# सुस्त विकास और महंगाई की चुनौती



डा. जयंतीलाल भंडारी



हाल ही में 11 दिसंबर को भारतीय रिजर्व बैंक के नव नियुक्त 26वें गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि वह महंगाई नियंत्रण और विकास दर के बीच उपयुक्त संतुलन बनाने की डगर पर आगे बढ़ेंगे। साथ ही अर्थव्यवस्था के लिए सर्वोत्तम काम करने की कोशिश करेंगे। गौरतलब है कि यद्यपि 12 दिसंबर को घोषित आंकड़ों के अनुसार खुदरा महंगाई दर घटकर 5.8 फीसदी रह गई है, फिर भी यह रिजर्व बैंक के महंगाई के तय दायरे से अभी काफी ऊपर बनी हुई है। ऐसे में इस समय देश में धीमी विकास दर और महंगाई की चुनौती का परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। बीते दिनों राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 5.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि इसके पहले अप्रैल से जून की पहली तिमाही में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। इस सुस्त विकास दर के परिदृश्य से प्रभावित हुए बिना हाल ही में 6 दिसंबर को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में विकास दर बढ़ाने के लिए ब्याज दर में कमी नहीं करते हुए महंगाई नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ने लगातार 11वीं बार ब्याज दर यानी नीतिगत दर (रेपो) में कोई बदलाव नहीं किया और इसे 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। रेपो वह ब्याज दर है जिस पर कमर्शियल बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। आरबीआई मुद्रास्फीति को काबू में रखने के लिए इस दर का उपयोग करता है।


हालांकि अर्थव्यवस्था में नकदी बढ़ाने के मकसद से रिजर्व बैंक ने कैश रिजर्व रेश्यो (सीआरआर) को 4.5 प्रतिशत से घटाकर चार प्रतिशत कर दिया। इस कदम से बैंकों में 1.16 लाख करोड़ रुपए की अतिरिक्त नकदी उपलब्ध होगी। इससे बैंकिंग क्षेत्र में नकदी की स्थिति में सुधार होगा। ज्ञातव्य है कि सीआरआर के तहत कमर्शियल बैंकों को अपनी जमा का एक निर्धारित हिस्सा कैश रिजर्व के रूप में रिजर्व बैंक के पास रखना होता है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में आरबीआई ने मौजूदा स्थिति को देखते हुए चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी ग्रोथ के अनुमान को 7.2 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष में खुदरा महंगाई के अनुमान को भी 4.5 प्रतिशत बढ़ाकर 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास ने दिसंबर 2024 की मौद्रिक नीति के निर्णय के परिप्रेक्ष्य में कहा था कि निकट भविष्य में, कुछ नरमी के बावजूद, खाद्य कीमतों पर दबाव बने रहने से चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में मुख्य महंगाई के ऊंचे स्तर पर बने रहने की संभावना है। उन्होंने कहा था कि महंगाई के मद्देनजर वैश्विक अर्थव्यवस्था में अभी बांड प्रतिफल में वृद्धि, जिन्स कीमतों में उतार-चढ़ाव और बढ़ते भू-राजनीतिक जोखिम जैसी कई तरह की बाधाएं हैं। साथ ही आयात शुल्क में वृद्धि और वैश्विक कीमतों में वृद्धि के बाद घरेलू खाद्य तेल की कीमतों की बदलती दिशा पर बारीकी से नजर रखने की जरूरत है। दास ने कहा था कि रिकॉर्ड खरीफ उत्पादन के अनुमान से चावल और तुअर दाल की बढ़ी हुई कीमतों में राहत मिलेगी। सब्जियों की कीमतों में भी सुधार की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि आगे चलकर, खाद्य मुद्रास्फीति के दबाव को कम करने के लिए एक अच्छा रबी सीजन महत्वपूर्ण होगा। प्रारंभिक संकेत पर्याप्त मिट्टी की नमी और जलाशय के स्तर की ओर इशारा करते हैं, जो रबी की बुवाई के लिए अनुकूल है। ऐसे में चालू वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में विकास दर बढ? की उम्मीद है। निःसंदेह आरबीआई के द्वारा मौद्रिक नीति समीक्षा के तहत महंगाई नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता दिया जाना सही कदम है।

वस्तुतः पिछले दो महीनों अक्टूबर-नवंबर 2024 में महंगाई दर के बढ? की स्थिति आश्चर्यचकित करने वाली रही है। पिछले माह आरबीआई ने 2 से 11 नवंबर, 2024 को परिवारों को महंगाई को लेकर कैसी उम्मीदें हैं, इस विषय पर सर्वेक्षण कराया था। आरबीआई के सर्वेक्षण से यह अंदाजा मिलता है कि सितंबर 2024 के चरण की तुलना में नवंबर के सर्वेक्षण में शामिल प्रतिभागियों में एक बड़े वर्ग को ऐसा लगता है कि नए साल 2025 में कीमतें और महंगाई दोनों ही बढ़ेंगी। यह बढ़ोतरी मुख्य तौर पर खाद्य वस्तुओं और घर से जुड़े खर्चों के बढ़ते दबाव की वजह से होगी। इस बीच उपभोक्ता आत्मविश्वास सर्वेक्षण से यह अंदाजा मिला है कि सर्वेक्षण के प्रतिभागियों की मौजूदा कमाई की धारणा में भले ही कमी आई हो, लेकिन उन्हें इस बात की बड़ी उम्मीद है कि भविष्य में आमदनी बढ़ेगी, रोजगार की स्थिति में भी सुधार आएगा। परिवारों को ऐसा लगता है कि एक साल की अवधि के दौरान बेहद जरूरी और गैर-जरूरी खर्च बढ़ेंगे। हालांकि उन्होंने आगे के वर्ष के लिए कीमतों को छोडकर प्रमुख आर्थिक मापदंड के लिए अधिक आशावादी होने के संकेत दिए हैं। यहां यह उल्लेखनीय है कि पिछले माह 15 नवंबर को वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने अपनी रिपोर्ट में भारत में महंगाई और विकास के बीच संतुलन बनाए रखने की सराहना की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि महंगाई में कम अवधि की तेजी के बावजूद आने वाले महीनों में महंगाई दर रिजर्व बैंक के द्वारा निर्धारित लक्ष्य की ओर पहुंचेगी, क्योंकि ज्यादा बोआई और पर्याप्त अनाज भंडार के कारण कीमतों में कमी आएगी। चूंकि भू-राजनीतिक तनावों और मौसम की स्थिति खराब होने पर महंगाई दर बढ? का जोखिम भी बना हुआ है, अतएव इसी कारण नीतिगत ढील को लेकर रिजर्व बैंक सावधानी बरत रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में महंगाई के बीच भी अर्थव्यवस्था अच्छे दौर में है। रेटिंग एजेंसी ने वर्ष 2024 में भारत की वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। उसके बाद 2025 और 2026 में क्रमशः 6.6 प्रतिशत और 6.5 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान है।

इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि इस समय जब खाद्य पदार्थों की तेजी से बढ़ती महंगाई के नियंत्रण और विकास की जरूरतों के बीच उपयुक्त तालमेल किया जा रहा है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के द्वारा 12 नवंबर को प्रकाशित आंकड़ों के मुताबिक अक्टूबर 2024 में खुदरा महंगाई दर बढकर 6.21 प्रतिशत हो गई। यह महंगाई का 14 महीने का उच्चतम स्तर है। इससे पिछले महीने सितंबर में खुदरा महंगाई दर 5.49 प्रतिशत दर्ज की गई थी तथा अगस्त में 3.65 प्रतिशत थी। निःसंदेह खाद्य पदार्थों की महंगाई रोकने के लिए सरकार के द्वारा तात्कालिक उपायों के साथ दीर्घकालीन उपायों पर भी ध्यान दिया जाना जरूरी होगा। इस समय ग्रामीण भारत में जल्द खराब होने वाले ऐसे कृषि उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला बेहतर करने पर प्राथमिकता से काम करना होगा, जिनकी खाद्य महंगाई के उतार-चढ़ाव में ज्यादा भूमिका होती है। ऐसे में सरकार को खाद्य उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ कृषि उपज की बबार्दी को रोकने के बहुआयामी प्रयासों के तहत खाद्य भंडारण और वेयरहाउसिंग की कारगर व्यवस्था की डगर पर बढ?ना होगा। हम उम्मीद करें कि रिजर्व बैंक के नए गवर्नर संजय मल्होत्रा सरकार के साथ रिजर्व बैंक के विभिन्न समन्वित रणनीतिक प्रयासों से देश में महंगाई को नियंत्रित करने और सुस्त विकास दर को बढ़ाने के परिप्रेक्ष्य में नई रणनीति के साथ आगे बढ़ेंगे।

(विख्यात अर्थशास्त्री)

# मेट्रो केबल : चोरी में तकनीक का इस्तेमाल



भगवती प्रसाद ड़ोभाल

पिछले वर्ष से चोरों ने अपनी आजीविका का नया फामूर्ला ईजाद कर लिया है। बेरोजगारी में चोरों ने दिल्ली की लाइफलाइन को अपना रोजगार बना लिया है। चोरों को इससे यह चिंता नहीं हुई कि मेट्रो से सफर करने वालों को तकलीफ झेलनी पडक्षेगी। सारे दिल्ली के ऑफिसों में काम करने वाले लोग अपनी रोजी-रोटी के लिए सुबह काम पर जाते वक्त जगह-जगह जाम झेल रहे थे, कारण था मेट्रो के केबल चोरों ने रात में ही उन केबलों को काट दिया था जिनसे मेट्रो अपना रास्ता तय करती है। इस कारण वे अपने ऑफिस समय पर नहीं पहुंच सके। इतना ही नहीं, जिन्हें बाहर जाना था-उनकी ट्रेनें और फ्लाइटें भी मिस हुई।

इस काम के लिए फिलहाल मेट्रो की ब्ल्यू लाइन पर लगातार धावा बोला गया। हालांकि बहुत समय बाद पुलिस को सफलता मिली है। इन केबल चोरों को पकडक्ष्ने और इन घटनाओं को अंजाम देने वाले गैंग के सदस्यों को दिल्ली पुलिस ने पकड़ लिया है। बीते दिनों मेट्रो ट्रैक पर केबल चोरी होने से केबल और चोरी में इस्तेमाल गाड़ियों को पुलिस ने बरामद कर दिया है। यह काम बहुत समय बाद हुआ है। इससे पूर्व चोरों ने मेट्रो लाइन को बहुत नुकसान पहुंचाया है। पता चला कि कीर्ति नगर और मोती नगर मेट्रो स्टेशन के बीच सिग्नलिंग केबल चोरी होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने इस मामले में बीएनएस और डीएमआरसी अधिनियम की धारा 74 के तहत मामला दर्ज किया था। इस वारदात में शामिल गिरोह के 11 में से चार 4 सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की गई 55 मीटर लंबी केबल, टाटा एस लोडर वाहन और दो मोबाइल फोन बरामद किए थे। घटना स्थल से पता चला कि वहां पर 140 मीटर लंबी केबल काटी गई थी। यह केबल मेट्रो ट्रेनों की लोकेशन का पता लगाने और ट्रैक सर्किट को डेटा भेजने के लिए उपयोग की जाती है। मेट्रो के परिचालन के लिए उपयोग में होने वाले इस केबल की कीमत लाखों में होती है। इसी कारण चोरों को इसको प्राप्त करने से काफी मुनाफा होता है।

वर्ष 2020-22 के दौरान केबल चोरी होने के बहुत सारी घटनाएं हुई हैं। 2020 में 54 मामले दर्ज हुए थे, वहीं 2021 में 57 और 2022 में 63 मामले सामने आए थे। इन मामलों में चोरों तक पहुंचने में पुलिस मुस्तैद नहीं दिखी थी। इस कारण चोरों के हौसले बुलंदी पर थे। मेट्रो केबल तांबे से बने होते हैं, यह काफी महंगी धातु है, बहुत सारे उद्योगों में तांबे की भारी मांग है, इसलिए इसको बेचने में आसानी है। इन केबलों का नेटवर्क मेट्रो स्टेशनों और ट्रेनों के बीच बिछाया जाता है। यह जटिल नेटवर्क होता है। विशेषकर रात के समय या फिर जहां पर सुरक्षा कम हो, वहां पर इसका इस्तेमाल किया जाता है। यह केबल मेट्रो रेल सिस्टम की जीवनरेखा होता है। यह मोटी इंसुलेटेड तार होती है, जो मेट्रो ट्रेनों की बिजली, संचार और नियंत्रण संकेत प्रदान करती है। केबल की चोरी होने पर मेट्रो सिस्टम की तीन मुख्य प्रणालियां- पावर, संचार और सिग्नल-ठप हो जाती हैं। मेट्रो के संचालन के लिए इन तीनों का सुचारु रूप से काम करना जरूरी है। डीएमआरसी से मिली जानकारी के अनुसार केबल चोरी आम तौर पर रात साढक्षे बारह बजे से सुबह चार बजे के बीच होती है। इस समय मेट्रो सेवाएं बंद होती हैं।

चोर सेवा बंद होने के बाद रात में वियाडक्ट में घुसते हैं। वे केबल काटते हैं, और उसे नीचे अपने साथियों के पास फेंक देते हैं। फिर भाग जाते हैं। यह मेट्रो स्टेनों पर नहीं, बल्कि वियाडक्ट पर होता है। अधिकारी के अनुसार केबलों पर स्टील की परत होती है, लेकिन उनमें ज्यादातर तांबा होता है। यह चोरों के लिए कीमती होता है। चोर पटरियों तक अपनी पहुंच समूह में काम करके बनाते हैं। रस्सियों का इस्तेमाल करके मेट्रो की पटरियों तक पहुंचते हैं। कभी-कभी वे अपने साथियों की मदद से या पेड़ की शाखाओं का इस्तेमाल करके पटरियों पर चढ़ते हैं। पटरियों पर चढ़ने के बाद कीमती केबल काट लेते हैं। केबल काटने के बाद पटरियों पर मौजूद व्यक्ति उसे जमीन पर अपने साथियों के पास फेंक देता है। साथी तुरत-



फुरत में केबल उठा लेते हैं, और उसे पास की झाड़ियों में छिपा देते हैं, या किसी गाड़ी में लाद देते हैं। फिर वह व्यक्ति रस्सी के सहारे पटरियों से नीचे उतर जाता है। पुलिस का यह भी मानना है कि चोर अक्सर नाबालिगों को अपराध करने के लिए काम पर रखते हैं, क्योंकि वे आसानी से चढ़ कर तार काट सकते हैं। यह भी संज्ञान में आया कि बाजार में केबल 500 रुपये प्रति मीटर के हिसाब से बिकता है। केबल चोरी के इस तरीके ने बेरोजगारों को प्रेरित किया है। प्रशासन को चाहिए कि अधिक से अधिक रोजगार की संभावनाओं को युवाओं के सामने रखे। ऐसा करके ही युवाओं के लिएसम्मानजनक रोजगार मुहैया कराना संभव हो सकेगा।



## जेल से घर लौटे अल्लू, मिलने पहुंचे विजय देवरकोंडा



पुष्पा 2 की स्क्रीनिंग के दौरान भगदड़ में हुई महिला की मौत मामले में शुक्रवार को अल्लू अर्जुन को गिरफ्तार किया गया, उन्हें जमानत मिल गई है। एक दिन जेल में रहकर शनिवार सुबह वह घर पहुंचे। जेल से निकलकर अल्लू अर्जुन अपने घर आकर आ गए हैं। अब उनके घर पर मिलने वालों का तांता लग गया है। कुछ देर साउथ फिल्मों के फेमस एक्टर विजय देवरकोंडा भी अल्लू अर्जुन के घर पहुंचे हैं। विजय और अल्लू लंबे समय से जिगरी दोस्त हैं। इमोशनल हो गए विजय देवरकोंडा अल्लू अर्जुन को घर पर देखकर विजय का चेहरा खिल उठा। वह अपने दोस्त को देखकर इमोशनल हो गए। विजय ने अल्लू को देखते ही गले लगा लिया। दोनों बहुत देर तक गले मिलते रहे। ऐसा लग रहा था कि विजय देवरकोंडा को अल्लू अर्जुन के जेल जाने का बहुत दुख हुआ। अल्लू अर्जुन से मिलने के बाद विजय देवरकोंडा परिवार के बाकी सदस्यों से मिले, जिसमें अल्लू अर्जुन के पिता भी शामिल रहे। इसके बाद अल्लू अर्जुन और विजय देवरकोंडा साथ में बैठकर काफी देर तक बात करते रहे। अल्लू, विजय से कुछ कहते हुए नजर आए, ऐसा लग रहा था कि वह कल की पूरी घटना का जिक्र कर रहे हैं। विजय भी ध्यान से अल्लू अर्जुन की बातों को सुन रहे थे।

### सच्चे दोस्त का फर्ज निभाया

अल्लू अर्जुन को शनिवार सुबह घर आए हुए कुछ ही देर हुई थी, इतने में ही विजय देवरकोंडा उनके घर पहुंच गए थे। इसस पता चलता है कि दोनों की दोस्ती कितनी गहरी है। अपने दोस्त अल्लू अर्जुन के मुश्किल समय में विजय उनके साथ खड़े नजर आ रहे हैं। विजय के अलावा अल्लू अर्जुन से मिलने के लिए प्रोड्यूसर दिल राजू, डायरेक्टर कोराटाला शिवा भी पहुंचे। एक्टर चिंरजीवी की पत्नी भी मिलने पहुंची विजय देवरकोंडा के बाद चिंरजीवी की पत्नी और अल्लू अर्जुन की बुआ सुरेखा भी उनसे मिलने घर पर पहुंची हैं। वह भी अल्लू अर्जुन के गले लगीं। बहुत देर तक प्यार से अल्लू अर्जुन से बात करती रहीं। साथ ही अल्लू अर्जुन के पिता अल्लू अरविंद से भी सुरेखा ने बातचीत की।



## रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ने प्रियंका चोपड़ा को किया सम्मानित

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस हाल ही में रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2024 (आरएसआईएफएफ) का हिस्सा बनीं। कार्यक्रम में उन्हें सम्मानित किया गया। इस मौके पर अभिनेत्री ने कहा कि वह लोगों को एक साथ लाने की मनोरंजन की यूनिवर्सल पावर में विश्वास रखती हैं।

### रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा बनीं प्रियंका

प्रियंका चोपड़ा जोन रेड सी ऑनरी, वियोला डेविस में शामिल हो गई हैं। यह फिल्म महोत्सव स्क्रीन पर और व्यापक फिल्म इंडस्ट्री के भीतर उनके सफल करियर और उपलब्धियों का जश्न मना रहा है। इस दौरान अभिनेत्री ने कहा, रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में पहचाने जाने से मैं अभिभूत हूं, यह कहानी कहने का उत्सव है जो भाषा, सीमाओं और सांस्कृतिक विभाजनों से परे है।

### अभिनेत्री ने की रेड सी टीम की सराहना

प्रियंका चोपड़ा ने आगे कहा, मैंने हमेशा लोगों को एक साथ लाने के लिए मनोरंजन की यूनिवर्सल पावर में में विश्वास किया है, और न केवल हॉलीवुड या बॉलीवुड के भीतर बल्कि दुनिया भर में बताई जा रही कहानियों की अविश्वसनीय प्रतिभा और विविधता को प्रदर्शित करने की उनकी प्रतिबद्धता के लिए मैं रेड सी टीम की सराहना करती हूं।

उन्होंने आगे उल्लेख किया, इंडस्ट्री में लगभग 25 वर्षों को प्रतिबिंबित करते हुए, मुझे याद आता है कि मैं कितनी भाग्यशाली रही हूं कि मैं ऐसी कहानी कहने और उसमें योगदान देने में सक्षम रही हूं जो दृष्टिकोण को चुनौती देती है, बदलाव को प्रेरित करती है और हम सभी को जोड़ती है। यह मान्यता इस बात की याद दिलाती है कि मुझे सबसे पहले फिल्में बनाने का शौक क्यों हुआ। इस विशेष सम्मान के लिए और वैश्विक सिनेमा की असाधारण कलात्मकता को उजागर करने के उनके प्रयासों के लिए रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल को मेरा आभार।



## अपने दूसरे हॉलीवुड प्रोजेक्ट के लिए तैयार धनुष

अभिनेता और फिल्म निर्माता धनुष कई परियोजनाओं में व्यस्त हैं, जिनमें तेलुगु फिल्म कुबेरा, उनकी तमिल निर्देशित परियोजनाएं नीलावु एनमेल एन्राडी कोबाम और इडली कड़ाई, हिंदी फिल्म तेरे इश्क में और तमिल फिल्म इलैयाराजा बायोपिक शामिल हैं। वहीं, अब अभिनेता की नई फिल्म के बारे में जानकारी सामने आई है। अब धनुष के प्रशंसकों के लिए एक अच्छी खबर है कि अभिनेता रूसो ब्रदर्स की द ग्रे मैन के साथ अपनी शुरुआत के बाद अपनी दूसरी हॉलीवुड फिल्म में अभिनय करने के लिए तैयार हैं।

धनुष की दूसरी हॉलीवुड फिल्म

धनुष के बारे में नई खबरें हैं कि उन्होंने अपनी दूसरी हॉलीवुड फीचर फिल्म साइन कर ली है। इस बार वह अभिनेता सिडनी स्वीनी के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगे, जो वन्स अपॉन ए टाइम इन हॉलीवुड और मैडम वेब जैसी फिल्मों में दिखाई दिए हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस प्रोजेक्ट का नाम स्ट्रीट फाइटर है और इसे सोनी प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित किया जाएगा।



## अल्लू अर्जुन के समर्थन में आए तेलुगु अभिनेता नानी

अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी के बाद कई अभिनेता उनके समर्थन में उतर रहे हैं। अब तेलुगु अभिनेता नानी, अल्लू अर्जुन के समर्थन में सामने आए हैं। अभिनेता ने गिरफ्तारी पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सभी को इस घटना से सीख लेनी चाहिए और भविष्य में अधिक सावधान रहना चाहिए। अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर अभिनेता नानी ने एक पोस्ट करते हुए लिखा, काश, सिनेमा से जुड़े लोगों से जुड़ी किसी भी चीज में सरकारी अधिकारी और मीडिया जिस तरह का उत्साह दिखाते हैं, वैसा ही उत्साह आम नागरिकों के लिए भी होता। हम एक बेहतर समाज में रहते। अभिनेता ने आगे लिखा, वह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी और यह दिल तोड़ने वाली थी। हम सभी को इस आपदा से सीख लेनी चाहिए और इसके बाद और अधिक सावधान रहना चाहिए तथा यह सुनिश्चित करने के लिए उपाय करने चाहिए कि यह फिर न हो। हम सभी इसके लिए जिम्मेदार हैं। इसके लिए एक व्यक्ति जिम्मेदार नहीं है।

### वरुण धवन ने भी लिया पक्ष

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इससे पहले बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन भी अल्लू अर्जुन के समर्थन में सामने आए और कहा कि अभिनेता को हर चीज के लिए दोषी नहीं ठहराया जा सकता। जयपुर में 'बेबी जॉन' के प्रचार में, वरुण ने कहा, सुरक्षा प्रोटोकॉल ऐसी चीज नहीं है जिसे कोई अभिनेता खुद पर ले सकता है। हम अपने आस-पास के लोगों को बता सकते हैं। अभिनेता ने संध्या थिएटर में हुए हादसे को दुखद भी बताया। 4 दिसंबर को 'पुष्पा 2ः द रूल' की स्क्रीनिंग के दौरान हैदराबाद के संध्या थिएटर में हुई भगदड़ में 35 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई थी, जिसके बाद अल्लू अर्जुन और उनकी टीम पर मामला दर्ज किया गया था। घटना के बाद अभिनेता अल्लू अर्जुन ने घटना पर शोक और दुख जताया था। उन्होंने कहा था, संध्या थिएटर में हुई दुखद घटना से मैं बहुत दुखी हूं। इस अकल्पनीय कठिन समय में मैं शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं। मैं उन्हें आश्वस्त करना चाहता हूं कि वे इस दर्द में अकेले नहीं हैं और मैं व्यक्तिगत रूप से परिवार से मिलूंगा। अभिनेता ने आगे कहा, हम आपको बताना चाहते हैं कि हम आपके साथ हैं। मैं 25 लाख रुपये की राशि दान करना चाहता हूं। यह उनके भविष्य को सुरक्षित करने के लिए एक सद्भावनापूर्ण कदम है।

## टाइगर श्रॉफ के साथ स्क्रीन साझा करेंगी हरनाज संधू





साल 2021 में मिस यूनिवर्स का ताज अपने नाम करनी वाली हरनाज कौर संधू बॉलीवुड में डेब्यू के लिए तैयार हैं। उनके हाथ हिंदी फिल्म लगी है। हरनाज टाइगर श्रॉफ के साथ स्क्रीन साझा करेंगी। शायद नाम आप समझ गए हों! जी हां, हरनाज को बागी 4 में साइन किया गया है। फिल्म के निर्माताओं ने इसकी पुष्टि की है। फिल्म बागी 4 के निर्माता साजिद नाडियाडवाला ने हरनाज को साइन किया है। आज गुरुवार को नाडियाडवाला ग्रैंडसन के इंस्टाग्राम पेज से एक पोस्ट साझा किया गया है। इसमें हरनाज की तस्वीर है। इसके साथ लिखा है, मिस यूनिवर्स से बागी यूनिवर्स तक! हम आपको नई प्रतिभा से मिला रहे हैं। बागी 4 में लेडी रिबेल। इस फिल्म का निर्देशन एच हर्षा कर रहे हैं। फिल्म बागी 4 अगले साल सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यह फिल्म 5 सितंबर 2025 को रिलीज होगी। आज की तारीख हरनाज के लिए यूं भी खास है। साल 2021 में हरनाज ने आज ही के दिन मिस यूनिवर्स का खिताब जीता था। 12 दिसंबर 2021 में वे मिस यूनिवर्स बनीं। और आज 12 दिसंबर 2024 को उनके बॉलीवुड डेब्यू की खबर सामने आई है।

## कीर्ति सुरेश को सामंथा ने दी शादी की शुभकामनाएं

12 दिसंबर को साउथ अभिनेत्री कीर्ति सुरेश ने गोवा में एक निजी समारोह के दौरान एंथनी थाटिल के साथ शादी की। कीर्ति ने अपनी शादी की तस्वीरों को सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कीर्ति की। शादी के बाद फिल्म जगत से उन्हें बधाईयां मिलने लगीं। अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने अभिनेत्री को शादी की शुभकामनाएं दी। अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर सामंथा ने दोनों की प्यारी सी पोस्ट साझा की सामंथा ने लिखा, इस तस्वीर ने मेरा दिल जीत लिया। दो बेहद खूबसूरत लोगों को बधाई, आप हमेशा खुशी और शांति से भरे रहें।





## सीआईडी की वजह से सिंघम फ्रेंचाइजी की फिल्में मिलीं

सीआईडी का नया सीजन जल्द ही दर्शकों के बीच दस्तक देने वाला है। इस बार फिर से दर्शकों को दया के रूप में दयानंद शेट्टी का पसंदीदा किरदार देखने को मिलेगा। अपने जन्मदिन के मौके पर दयानंद शेट्टी ने खास बातचीत की, जिसमें उन्होंने न सिर्फ सीआईडी के नए सीजन के बारे में अपने विचार साझा किए, बल्कि अजय देवगन के साथ काम करने के अनुभव और दिलजले फिल्म को लेकर भी दिलचस्प खुलासा किया।

**सीआईडी शो एक बार फिर से शुरू हो रहा है। इस नए सीजन में दर्शकों को क्या नया देखने को मिलेगा? कौन से खास बदलाव या नए ट्विस्ट होंगे?**

सीआईडी शो 21 वर्षों तक अपने समय से आगे था। अब जब अपराध अधिक हाईटेक हो गए हैं, तो हमें भी अपनी जांच के तरीके में बदलाव लाना पड़ा है। शो का फ्लेवर वही रहेगा, लेकिन अब हम अपराधियों के नए तरीकों के हिसाब से जांच करेंगे।

**90 के दशक में जब यह शो शुरू हुआ था, उस समय और आज के टीवी इंडस्ट्री में काम करने के तरीकों में आपने क्या प्रमुख बदलाव महसूस किए हैं?**

बहुत बदलाव आया है। पहले लंबे शॉट्स होते थे, लेकिन अब तकनीकी विकास के साथ फिल्मांकन और कहानी कहने के तरीके में काफी बदलाव आया है। अब सब कुछ बहुत ज्यादा आधुनिक हो गया है, जिससे शूटिंग और एपिसोड्स की गति भी तेज हो गई है।

**सीआईडी से पहले आप फिल्म दिलजले में नजर आए थे?**

नहीं, यह जानकारी गलत है। मैंने कभी दिलजले में काम नहीं किया और न ही यह फिल्म देखी है। मैंने भी इंटरनेट पर इसके बारे में पढ़ा है। मेरी पहली फिल्म जॉनी गद्दार थी, जिसमें मैंने सीआईडी के दौरान काम किया था।

**आपने सिंघम रिटर्न्स और सिंघम अगेन में अजय देवगन के साथ काम किया। उनके साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा?**

अजय देवगन के साथ काम करने का बहुत अच्छा अनुभव रहा। क्राफ्ट के प्रति समझ और समर्पण ने उन्हें बड़ा स्टार बनाया है। सिंघम फ्रेंचाइजी में काम मिलने का श्रेय सीआईडी को जाता है, क्योंकि मेरे किरदार की लोकप्रियता के कारण ही मुझे ये फिल्में मिलीं।

**सिंघम अगेन में करीना कपूर का दया दरवाजा तोड़ डायलॉग बहुत लोकप्रिय हुआ। क्या आपको इस डायलॉग की वजह से फिल्म में कास्ट किया गया था?**

दया दरवाजा तोड़ एक साधारण सी लाइन थी, लेकिन यह बहुत लोकप्रिय हो गई। फिल्म में यह लाइन रोहित शेट्टी की सोच का नतीजा थी। सिंघम रिटर्न्स में अजय देवगन ने यह लाइन बोली थी और सिंघम अगेन में करीना कपूर ने। रोहित शेट्टी का दृढ़ विश्वास था कि इस लाइन पर लोग तालियां बजाएंगे।

**सीआईडी पर सोशल मीडिया पर अक्सर मीम्स बनते हैं। आप इस पर कैसे प्रतिक्रिया देते हैं? क्या कोई खास मीम है जो आपको बहुत पसंद आया हो?**

मीम्स तो बहुत से हैं। लोग सीआईडी के वीडियो पर डब करके मीम्स बनाते हैं और यह दर्शकों के बीच बहुत लोकप्रिय हो गए हैं। मुझे अच्छा लगता है कि लोग इस शो को इतना पसंद करते हैं और इस शो के जरिए वे अपनी यादों को ताजा करते हैं। बहुत से लोग हमसे मिलते हैं और अपने शानदार बचपन के लिए हमें धन्यवाद देते हैं। लोगों को हंसी से भरे ये मीम्स अच्छे लगते हैं और हमें भी यह देखकर अच्छा लगता है कि लोगों में यह शो कितना ज्यादा लोकप्रिय है।

**शिवाजी साटम और आदित्य श्रीवास्तव के साथ आपकी केमिस्ट्री कैसी है? क्या आप तीनों शूटिंग के बाद भी एक-दूसरे से मिलते रहते हैं?**

हमारा रिश्ता बहुत मजबूत है। छह साल हमारा शो ऑफ एयर था, लेकिन हम लोग लगातार मिलते जुलते रहते थे। हमने सीआईडी के बाद सीआईएफ नाम का शो भी किया था। उसमें शिवा जी सर तो नहीं थे, लेकिन आदित्य सर, फ्रेडी सर और सीआईडी की टीम के बाकी लोग थे। इसके अलावा हमने साथ में काफी विज्ञापन भी किए। हम एक-दूसरे को परिवार के सदस्य की तरह मानते हैं। शिवाजी सर को हम बड़े भाई की तरह मानते हैं और आदित्य सर भी मेरे बड़े भाई की तरह हैं। सेट पर हम सभी एक-दूसरे को बहुत इज्जत देते हैं।

# तीसरा टेस्ट : ऑस्ट्रेलिया के 445 के जवाब में भारतीय टीम ने 51 रनों पर ही चार विकेट गंवाये

**गाबा (एजेंसी)।** भारतीय टीम की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में खराब शुरुआत रही है। मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम के पहली पारी के 445 रनों के जवाब में भारतीय टीम ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में 51 रनों पर ही अपने चार विकेट खो दिये। इस प्रकार पहली पारी के आधार पर भारतीय टीम अभी भी 394 रनों से पीछे है , वहीं उसके पास छह विकेट हैं। मैच में अभी दो दिनो का खेल बाकि है। आज तीसरे दिन बारिश और खराब रौशनी के कारण खेल बार बार रुका जिससे कारण भी नुकसान हुआ । खेल तय समय से 45 मिनट पहले ही समाप्त घोषित करना पड़ा। तीसरे दिन केवल 33.1 ओवर का खेल हुआ। इस मैच में भी मेजबान टीम का शिकंजा सकता जा रहा है क्योंकि भारत का शीर्ष क्रम पेवेलियन लौट गया है। दिन का खेल समाप्त होने के समय केएल राहुल 33 और रोहित शर्मा बगैर खाता खोले क्रीज पर। यशस्वी जायसवाल 4, शुभमन गिल 1,विराट कोहली 3 और ऋषभ पंत 9 रन बनाकर आउट हुए। वहीं मेजबान टीम की ओर से मिचेल स्टार्क ने 2, जोश हेजलवुड और पैट कमिंस ने 1-1 विकेट लिए। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 445 रन पर बनाये। ट्रेविस हेड ने 152 और स्टीव स्मिथ ने 101 रन बनाए। एलेक्स कैरी ने 70 रन बनाए। उस्मान ख्वाजा ने 21, नाथन मैकस्वीनी ने 9, मार्नस लाबुशेन 12, मिचेल मार्श ने 5 और पैट कमिंस ने 20 रन बनाए। मिचेल स्टार्क 18 और नाथन लियोन ने 2 रन बनाए। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने 6, जबकि मोहम्मद सिराज ने 2 विकेट लिये। आकाशदीप और नितीश कुमार रेड्डी भी 1-1 विकेट लेने में सफल रहे। इस मैच में भारतीय टीम ने दो बदलाव करते हुए रविंद्र जडेजा और आकाशदीप को शामिल किया है। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम ने तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को शामिल किया है।



## विश्व चैंपियन गुकेश का चेन्नई पहुंचने पर भव्य स्वागत



**चेन्नई (एजेंसी)।** विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश का सोमवार को यहां हवाई अड्डे पर सैकड़ों उत्सुक प्रशंसकों, तमिलनाडु सरकार और राष्ट्रीय महासंघ के अधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया। 18 वर्षीय गुकेश ने पिछले सप्ताह सिंगापुर में चीन के डिंग लिरेन को 7.5-6.5 से हराकर सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया और रूस के गैरी कास्परोव के लंबे समय से चले आ रहे रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

स्वदेश लौटने पर गुकेश ने उनका समर्थन करने के लिए सभी का धन्यवाद किया। मीडिया और प्रशंसकों के बीच इस युवा खिलाड़ी को करीब से देखने के लिए लगी होड़ के बीच गुकेश ने कहा, 'यह शानदार है। आपके समर्थन ने मुझे बहुत ऊर्जा दी। विश्व चैंपियनशिप जीतना एक शानदार अहसास है।% महान विश्वनाथन आनंद के बाद गुकेश विश्व खिताब जीतने वाले केवल दूसरे भारतीय हैं। आनंद ने यहां अपनी अकादमी में इस किशोर के खेल को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## इंग्लैंड को लगा झटका, टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स को फिर हैमस्ट्रिंग में लगी चोट

**हैमिल्टन (न्यूजीलैंड) (एजेंसी)।** इंग्लैंड को एक बड़ा झटका लगा जब उसके टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स को न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रहे टेस्ट मैच के दौरान एक बार फिर हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई। इंग्लैंड क्रिकेट ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पुष्टि की कि स्टोक्स को टेस्ट सीरीज के अंतिम मैच के तीसरे दिन हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई।



स्टोक्स सेडन पार्क में न्यूजीलैंड के युवा खिलाड़ी रचिन रवींद्र को गेंदबाजी कर रहे थे, तभी उन्होंने अपनी हैमस्ट्रिंग को कसकर पकड़ लिया और उपचार के लिए मैदान से बाहर चले गए। अनुभवी ऑलराउंडर पूरे साल हैमस्ट्रिंग की चोटों से जूझते रहे हैं। अगस्त में द हंड्रेड टूर्नामेंट के दौरान उन्हें हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी। चोट के कारण वह अक्टूबर में मुल्तान में पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के शुरुआती टेस्ट से बाहर हो गए थे। चोट की प्रकृति अभी भी अज्ञात है, और यह देखना बाकी है कि स्टोक्स दूसरी पारी में इंग्लैंड के लिए बल्लेबाजी करने आएंगे या नहीं।

स्टोक्स ने 12.2 ओवर फेंके जिसमें 4.20 की इकॉनमी से 52 रन दिए और दो विकेट चटकाए। दूसरी पारी में विल यंग और विलियम ओ%रुरके को आउट किया। पहली पारी में उन्होंने 24 ओवर फेंके, छह मेडन किए और 3.80 की इकॉनमी से 91 रन दिए। मैट हेनरी पहली पारी में उनका एकमात्र शिकार थे। स्टोक्स के आउट होने पर न्यूजीलैंड ने कुल 453 रन बनाए। पहली पारी में 204 रनों की बढ़त के साथ कीवी टीम ने मेहमानों को 658 रनों का लक्ष्य दिया। इंग्लैंड ने पारी की शुरुआत में ही दोनों सलामी बल्लेबाजों जैक क्रॉली और बेन डकेट को खो दिया। मैट हेनरी ने क्रॉले (5) को स्टंप के सामने पिन करके इसका अनुसरण किया। तीसरे दिन के अंत में इंग्लैंड का स्कोर 18/2 हो गया और जीत से अभी भी 640 रन दूर था।

## माफी चाहता हूं : न्यूजीलैंड / इंग्लैंड टेस्ट में बड़ा रिकॉर्ड चूकने पर बोले टिम साऊदी

**खेल डैस्क ।** अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउदी ने न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन टेस्ट क्रिकेट में 100 छक्कों की उपलब्धि हासिल करने से चूकने पर निराशा व्यक्त की है। यह खेल हैमिल्टन के सेडॉन पार्क में खेला जा रहा है। अपने विदाई टेस्ट में खेलते हुए साउदी ने पहली पारी में 3 छक्के लगाए, जिससे उनका कुल स्कोर 98 हो गया। हालांकि, जब वह न्यूजीलैंड की दूसरी पारी में टेस्ट क्रिकेट में आखिरी बार बल्लेबाजी करने आए, तो साउदी 5 गेंदों पर 2 रन बनाकर आऊट हो गए। वह अगर 2 छक्के लगा लेते तो इस प्रारूप में 100 छक्के लगाने वाले चौथे क्रिकेटर बन जाते।

साउदी ने मैच के बाद स्वीकार किया कि जब वह बल्लेबाजी करने अंदर गए तो वह अधिक दबाव महसूस कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह एक अजीब एहसास था। बल्लेबाजी करते समय कभी इतना दबाव महसूस नहीं हुआ। लेकिन नहीं, यह अच्छा मजा था। लड़कों के लिए कुछ दिन बहुत अच्छे रहे। उन्होंने (मैकुलम) कुछ कहा - उन्हें ठीक से नहीं सुना। अच्छा लगा कि वह आखिरी बार भी यहां है। जब भी आप न्यूजीलैंड के लिए विकेट लेते हैं तो वह एक विशेष समय होता है।

उन्होंने आगे कहा कि जैसा कि मैंने पहले भी कहा है, एक बच्चे के बड़े होने पर, एक विकेट लेने का अहसास हर समय नया होता है। यह ऐसा एहसास है जिसे मैं निश्चित रूप से याद करूंगा। यह मेरे जीवन का बहुत बड़ा हिस्सा रहा है। मैं जो करने में सक्षम हूं उसे करना मेरे लिए सम्मान की बात है। उम्मीद है कि अगले कुछ दिन अच्छे रहेंगे, लेकिन मुझे यकीन है कि कुछ दिन भावनात्मक भी रहेंगे। 100 टेस्ट छक्के चूकने पर साउदी ने कहा कि निराश करने के लिए माफी चाहता हूं।



अपना 107वां टेस्ट खेल रहे साउथी ने 390 विकेट लिए हैं और 2,245 रन बनाए हैं, जिसमें 7 शतक और 98 छक्के शामिल हैं। टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में वह केवल बेन स्टोक्स (133), ब्रेंडन मैकुलम (107) और एडम गिलक्रिस्ट (100) से पीछे हैं।


## पूरी तरह से अंधेरे में रखा गया, जैसन गिलेस्पी ने इस्तीफे के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को लताड़ा

सिडनी । आस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज जैसन गिलेस्पी ने सोमवार को पीसीबी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि बोर्ड ने पूरी तरह से उन्हें अंधेरे में रखा जिसकी वजह से उन्हें इस्तीफा देना पड़ा । गिलेस्पी का करार 2026 तक का था लेकिन उन्होंने पिछले सप्ताह इस्तीफा दे दिया । उन्होंने कहा कि संवादहीनता के कारण उन्हें लगने लगा था कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को उनकी जरूरत नहीं है । गिलेस्पी ने कहा, 'चुनौतियां तो थी । मैं कुछ करने के इरादे से वहां गया था। मुझे पता था कि पाकिस्तान ने बहुत कम समय में बहुत सारे कोच बदले हैं । मैं चाहता था कि मुख्य कोच होने के नाते नियोक्ता से मेरा सीधा और स्पष्ट संवाद हो । मुझे हाई परफार्मेंस कोच नहीं रखने को लेकर पूरी तरह से अंधेरे में रखा गया ।' पीसीबी ने हाई परफार्मेंस कोच टिम नीलसन के करार का नवीनीकरण नहीं किया जिन्हें गिलेस्पी लेकर आए थे । गिलेस्पी ने कहा, ' टिम नीलसन को बताया गया कि उनकी सेवाओं की जरूरत नहीं है और मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई । इससे पहले भी बहुत कुछ हुआ लेकिन इस घटना के बाद मुझे लगने लगा कि मेरी जरूरत है भी या नहीं ।'



## कोहली को तेंदुलकर की 241 रन की पारी को देखना चाहिए : गावस्कर

ब्रिसबेन । महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने सोमवार को भारत के सुपरस्टार विराट कोहली से कहा कि वह 2004 में सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सचिन तेंदुलकर की यादगार 241 रन की पारी से प्रेरणा लें और ऑफ स्टंप के बाहर की गेंदों के खिलाफ अपने लगातार संघर्ष को खत्म करने के लिए कवर ड्राइव खेलने से परहेज करें । ब्रिसबेन टेस्ट के बारिश से प्रभावित तीसरे दिन कोहली एक बार फिर असफल रहे जब जोश हेजलवुड ने उन्हें तीन के निजी स्कोर पर विकेट के पीछे कैच करा दिया। भारत ने तीसरे दिन का खेल समाप्त घोषित किए जाने पर 51 रन तक चार विकेट गंवा दिए थे। गावस्कर ने कहा कि कोहली को 'अपने हीरो' तेंदुलकर से आगे देखने की जरूरत नहीं है जिन्होंने एससीजी में 33 चौकों की मदद से 436 गेंद पर 241 रनों की असाधारण पारी खेली थी जबकि वह भी 2003-04 के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान विकेट के पीछे कैच आउट होने की समस्या से जूझ रहे थे । कोहली ने मौजूदा दौरे पर अब तक 05, नाबाद 100, 07, 11 और 03 रन की पारियां खेली हैं । तेंदुलकर की उस पारी को उनकी सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक माना जाता है क्योंकि उन्होंने 10 घंटे से अधिक समय तक बल्लेबाजी की और ड्राइव करने की अपनी प्रवृत्ति पर लगाम लगाई और अपने अधिकतर रन ऑन साइड पर बनाए ।



## श्रेयस अय्यर ने सैय्यद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीतकर टीम इंडिया के लिए पेश की दावेदारी

**मुम्बई (एजेंसी)।** बल्लेबाज श्रेयस अय्यर की कप्तानी में मुम्बई ने रविवार को सैय्यद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीती। मुम्बई ने खिताबी मुकाबले में मध्य प्रदेश आसानी से हरा दिया। मुम्बई की इस जीत में श्रेयस की अहम भूमिका रही। इस बल्लेबाज ने 345 रन बनाने साथ ही शानदार कप्तानी भी की। इसी के साथ ही श्रेयस ने इस साल अपनी कप्तानी में टीम को घरेलू क्रिकेट में दूसरा बड़ा टूर्नामेंट जिताकर एक बार फिर टीम इंडिया के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। इससे पहले श्रेयस की कप्तानी में कोलकाता नाइटराइडस ने खिताब जीत था। इसके अलावा ईरानी कप और रणजी ट्रॉफी में भी मुम्बई की जीत में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी। अब माना जा रहा है कि वह आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स को खिताब जीता सकते हैं।

श्रेयस ने इस साल फर्स्ट क्लास, लिस्ट ए और ट्वंटी 20 तीनों फॉर्मेट में अपनी कप्तानी का को साबित किया है। इसी साल उन्होंने अपनी कप्तानी में केकेआर को चैंपियन बनाया था पर इसके बाद भी श्रेय न मिलने पर वह आईपीएल नीलामी में उतर गये।

सैय्यद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीतने के बाद श्रेयस बेहद उत्साहित नजर आए। इस दौरान सोशल मीडिया पर क्रिकेट प्रशंसकों ने उनकी जमकर प्रशंसा की है। खिताबी मुकाबले में मध्य प्रदेश ने पहले खेलते हुए कप्तान रजत पाटीदार के 81 रनों की बदौलत 174 रन बनाए थे। इसके बाद जीत के लिए मिला लक्ष्य मुंबई ने 18वें ओवर में ही हासिल कर लिया।



## भारतीय गोल्फर रेहान थॉमस ने 'कोर्न फेरी टूर' का कार्ड हासिल किया



पोंटे वेद्रा (फ्लोरिडा) । भारत के रेहान थॉमस ने 2025 के लिए 'कोर्न फेरी टूर' का कार्ड (प्रतियोगिता में भागीदारी) अर्जित किया है । 'कोर्न फेरी टूर' अमेरिका में आयोजित होने वाली पीजीए टूर से निचले स्तर की प्रतियोगिता है । दुबई में रहने वाले रेहान घरेलू टूर में भी विजेता रहे हैं । वह इस साल की शुरुआत में पेशेवर बने थे । पीजीए टूर क्वालीफाइंग स्कूल के अंतिम चरण में थॉमस ने 70-72-71-68 के राउंड से कुल एक ओवर 281 का कार्ड खेला और संयुक्त 26वें स्थान पर रहे । इस प्रतियोगिता के शीर्ष पांच में रहने वाले खिलाड़ियों ने पीजीए टूर के लिए क्वालीफाई किया । थॉमस 'कोर्न फेरी टूर' पर कम से कम 12 मुकाबलों में चुनौती पेश करेंगे । वह इस सत्र में इसमें भाग लेने वाले इकलौते भारतीय होंगे ।

## बीसीसीआई ने विजय हजारे ट्रॉफी खेलने तीन खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलिया दौरे से वापस बुलाया

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया गये तीन खिलाड़ियों को वापस बुलाया है । बीसीसीआई ने रिजर्व खिलाड़ियों के तौर पर भेजे गये तेज गेंदबाजों मुकेश कुमार, यश दयाल और नवदीप सैनी को जरुरत नहीं होने के कारण वापसी बुलाया है । इन तीनों तेज गेंदबाज को पहले तीन टेस्ट मैचों में एक बार भी खेलने का अवसर नहीं मिला है । तीनों गेंदबाजों को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बचे हुए दो टेस्ट मैचों में भी अवसर मिलना मुश्किल था । ऐसे में भारतीय बोर्ड ने इस गेंदबाजों को रिलीज करने का फैसला किया । बोर्ड ने इन तीनों को इसलिए पहले रिलीज किया जिससे वे भारत लौटकर विजय हजारे ट्रॉफी से पहले अभ्यास कर सकें । मुकेश कुमार को बंगाल की टीम ने शामिल किया है । मुकेश , नवदीप और यश के टीम इंडिया से रिलीज होने के बाद भी भारतीय टीम के पास 5 बतौर तेज गेंदबाज रहेंगे । इनमें जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाशदीप, हर्षित राणा और प्रसिद्ध कृष्णा शामिल हैं । मुकेश और नवदीप शुरूआत से ही भारतीय टीम के साथ थे । दोनों इंडिया ए के साथ ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी गए थे । मुकेश ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दोनों टेस्ट खेले खेलकर 11 विकेट लिए थे । नवदीप को केवल एक अभ्यास मैच में खेलने का अवसर मिला । वहीं यश दयाल को खलील अहमद की जगह टीम से जोड़ा गया था । खलील अहमद बिना खेले चोटिल होकर ऑस्ट्रेलिया से लौट आए थे । यश विजय हजारे ट्रॉफी के लिए उत्तर प्रदेश टीम में शामिल होंगे वहीं मुकेश बंगाल जबकि सैनी दिल्ली की ओर से विजय हजारे ट्रॉफी में खेलेंगे ।

## स्मृति और जेमिमा की शानदार बल्लेबाजी से भारतीय टीम ने पहले टी20 में वेस्टंडीज को हराया

मुम्बई । स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स की शानदार बल्लेबाजी से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने यहां वेस्टंडीज को पहले टी20 मुकाबले में 49 रनों से हरा दिया । भारतीय टीम ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए मंधाना के 53 और जेमिमा के 73 रनों की सहायता से 4 विकेट पर ही 195 रन बनाये । वेस्टंडीज की ओर से करिश्मा ने 18 रन देकर 2 विकेट लिए। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टंडीज टीम 146 रन ही बना पाई । वेस्टंडीज की ओर से जोसेफ और डॉटिंन ने अच्छा प्रदर्शन किया पर वह अपनी टीम को जीत दिलाने में विफल रहीं । भारतीय टीम की ओर से तितास साधु ने 37 रन देकर 3 विकेट लिए । इस मैच में मंधाना ने उमा छेत्री के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 50 रन बनाये । उमा ने 24 रन बनाये । वहीं मंधाना ने 33 गेंदों पर 7 चौके और 2 छक्के लगाकर 54 रन बनाए । वहीं जेमिमा ने 35 गेंदों पर 9 चौके और 2 छक्के लगाकर सबसे अधिक 73 रनों की पारी खेली । इसके अलावा ऋचा घोष ने 20 जबकि कप्तान हरमनप्रीत ने 13 रन बनाये । लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज केवल 1 रन बनाकर पेवेलियन लौट गईं । इस दौरान कियाना जोसफ ने डींड्रा डॉटिन के साथ मिलकर स्कोर आगे बढ़ाया । जोसफ ने 33 गेंदों पर 3 छक्कों की मदद से 49 रन बनाए तो वहीं, डॉटिंन ने 28 गेंदों पर 4 चौके और 3 छक्कों की मदद से 52 रन बनाए । जोसेफ और डॉटिंन के विकेट गिरते ही वेस्टइंडीज टीम की पारी ढ़ह गयी । मध्यक्रम में केवल शबिका 15 ही रन बना पाई और स्कोर 20 ओवर में 146 तक ही पहुंच पाया । भारत की ओर से तितास ने 37 रन देकर 3 विकेट जबकि दीप्ति शर्मा और राधा यादव ने 2-2 विकेट लिए ।



## एक टीम के रूप में हम एक दूसरे पर सवाल नहीं उठाते : जसप्रीत बुमराह

**बेंगलुरू (एजेंसी)** । ब्रिसबेन ~जसप्रीत बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया में खराब दौर से जूझ रही भारतीय टीम का बचाव करते हुए अपने पर अतिरिक्त दबाव की बात को खारिज किया और कहा कि टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है और अनुभवी होने के नाते अतिरिक्त जिम्मेदारी उठाना उनका काम है। गाबा पर तीसरे टेस्ट में टॉस जीतकर गेंदबाजी का गलत फैसला लेने के बाद भारत ने बुमराह के छह विकेट के बावजूद मेजबान को पहली पारी में 445 रन बनाने दिए।

जवाब में वर्षाबाधित तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ने चार विकेट 51 रन पर गंवा दिए थे। बल्लेबाजों की तकनीक और बुमराह के अलावा गेंदबाजों के स्तर पर इसके बाद सवाल उठने लगे हैं। बुमराह ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद भारतीय बल्लेबाजी के बारे में पूछने पर कहा, 'एक टीम के रूप में हम एक दूसरे पर सवाल नहीं उठाते। हम उस मानसिकता में नहीं पड़ना चाहते जहां एक दूसरे पर ऊंगली उठाई जाए।'

### बदलाव के दौर से गुजर रहे

उन्होंने कहा, 'हम एक टीम के रूप में बदलाव के दौर से गुजर रहे हैं। नए खिलाड़ी आ रहे हैं और क्रिकेट खेलने के लिए यह सबसे आसान जगह नहीं है। विकेट अलग तरह की है और माहौल अलग है।' अब तक इस श्रृंखला में 18 विकेट ले चुके बुमराह ने कहा, 'गेंदबाजी ईकाई के तौर पर हम बदलाव के दौर में है लिहाजा दूसरों की मदद करना मेरा काम है। मैंने दूसरों से अधिक क्रिकेट खेली है तो मैं उनकी मदद की कोशिश कर रहा हूं।'

### नए खिलाड़ियों को थोड़ा समय देना होगा :

### बुमराह

उन्होंने कहा, 'हम सभी सीखने की कोशिश कर रहे हैं और प्रदर्शन बेहतर होगा। सफर में इन सब चीजों से गुजरना होता है।' बुमराह ने इन खबरों को भी खारिज किया कि पहली पारी में खराब स्कोर से गेंदबाजों और उन पर अधिक दबाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा, 'हमारे पास 11 खिलाड़ी हैं। मैं इसे ऐसे नहीं देखता कि मुझे ज्यादा काम करना है। हम एक नई टीम है और कई नए खिलाड़ी इसमें है। हमें उन्हें थोड़ा समय देना होगा। वे अनुभव से ही सीखेंगे।'

### 'मुझे हमेशा अलग-अलग चुनौतियां अच्छी लगती है'

उन्होंने कहा, 'कोई भी अनुभव साथ लेकर नहीं आता और ना ही कौशल के साथ पैदा होता है। आप सीखते जाते हैं और नए तरीके तलाशते हैं। आप अपने खेल के बारे में सीखते हैं।' भारतीय उप-कप्तान ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में अलग अलग पिचों पर गेंदबाजी करने में उन्हें काफी मजा आया। उन्होंने कहा, 'मुझे हमेशा अलग-अलग चुनौतियां अच्छी लगती है। पर्थ में विकेट अलग था और एडीलेड में गुलाबी गेंद के साथ विकेट अलग था। यहां का विकेट अलग है और रन अप लो है। भारत में हमें इसकी आदत नहीं है।'

### अपेक्षाओं का बोझ नहीं लेते बुमराह

बुमराह ने कहा कि वह सफलता और विफलता को समान रूप से देखते हैं और अपेक्षाओं का बोझ नहीं लेते। उन्होंने कहा, 'जब मैं युवा था तब प्रशंसकों और लोगों की राय का अतिरिक्त बोझ लेता था लेकिन अब मैं किसी राय को संजीदगी से नहीं लेता। मैं खुद से पूछता हूं कि मुझे क्या करना है और अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की कोशिश करता हूं। मैं यह नहीं सोचता कि लोग मुझसे ऐसा करने की अपेक्षा कर रहे हैं और मैं उसका बोझ लेने लगूं।'



## 2.5 लाख जानवरों की सामूहिक बलि, बचाने में जुटा भारत

नई दिल्ली। नेपाल में हर पांच साल में गढ़ीमाई का मेला होता है जहां लाखों जानवरों की सामूहिक बलि दे दी जाती है। सशस्त्र सीमा बल और स्थानीय प्रशासन ने इस बार जानवरों को बचाने के लिए दिन रात एक कर दिया। बता दें कि नेपाल के बारा जिले के बरियारपुर गांव में हर पांच साल में यह मेला लगता है जिसमें लाखों जानवरों की सामूहिक बलि दे दी जाती है। 2014 में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि बलि के लिए नेपाल ले जाए जाने वाले जानवरों को बचाया जाए। जानकारों के मुताबिक इस मेले में महीनेभर में करीब 2.5 लाख से पांच लाख जानवरों की बलि दे दी जाती है। बताया जाता है कि 265 सालों से गढ़ीमाई का यह उत्सव होता है। जानकारी के मुताबिक भारतीय सुरक्षाबलों और प्रशासन की सतर्कता की वजह से कम से कम 750 जानवरों को बचाया गया है जिनमें भैंसें, बकरियां, भेड़ और अन्य जानवर शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक इस बार दो ही दिन में 8 और 9 दिसंबर को गढ़ीमाई के मंदिर में 4200 भैंसों की बलि दे दी गई। नेपाल के भी सुप्रीम कोर्ट ने 2019 में जानवरों की बलि रोकने का आदेश दिया था। बताया गया कि बलि के लिए ज्यादातर जानवर खरीदे जाते हैं। जानकारों का कहना है कि लोग मन्नत पूरी होने के लिए गढ़ीमाई के मंदिर में बलि देते हैं। विश्व में सबसे ज्यादा बलि इसी मंदिर में होती है।

## दिल्ली–एनसीआर में कोहरा और ठंड ने बढ़ाई मुश्किलें

### – 18 और 19 दिसंबर को भी तापमान में गिरावट की संभावना

नई दिल्ली। एनसीआर में लगातार ठंड बढ़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार 17 दिसंबर से कोल्ड वेव की वजह से न्यूनतम और अधिकतम तापमान में गिरावट की संभावना है। सोमवार को सुबह ही एनसीआर में हल्का कोहरा देखा गया, जिसके बाद से ठंड और कोहरे की स्थिति गंभीर होने की संभावना है। मंगलवार से अधिकतम तापमान 22 डिग्री और न्यूनतम तापमान 4 डिग्री तक जा सकता है। 17 दिसंबर को कोहरे की शुरुआत होने की संभावना है, जिसके साथ–साथ अधिकतम तापमान 23 और न्यूनतम तापमान 5 डिग्री रहने की संभावना है। 18 और 19 दिसंबर को भी तापमान में गिरावट की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा कि 20 दिसंबर के बाद अचानक मौसम फिर बदल सकता है और घना कोहरा संभावित है। वाहन चालकों को सड़कों पर सावधान रहने की सलाह दी जा रही है। इस बदलते मौसम के कारण स्वास्थ्य पर होने वाले प्रभावों को ध्यान में रखकर सभी लोग सावधान रहें। मौसम के अनुसार बदलाव का सामना करने के लिए तैयार रहें और अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

## बच्चे नहीं हो रहे, तांत्रिक के कहने पर युवक ने जिंदा चूजा निगल लिया... हो गई मौत

सरगुजा। छत्तीसगढ़ के सरगुजा से अजीबोगरीब और दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां एक युवक ने तंत्र मंत्र के चक्कर में जिंदा चूजा निगल लिया। इसके बाद युवक की अचानक से तबीयत खराब हो गई। आनन–फानन में युवक को अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पहले डॉक्टरों को लगा कि शायद हार्टअटैक से युवक की मौत हुई है। लेकिन पोस्टमार्टम करने पर युवक के गले में मरा हुआ चूजा फंसा मिला। मामला अंबिकापुर का है। मृतक की पहचान छिंदकालो गांव निवासी 36 वर्षीय आनंद कुमार यादव के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि शादी के पांच साल बीतने बाद भी बच्चे नहीं हो रहे थे। इससे वह परेशान रहने लगा था। तब युवक को किसी ने एक तांत्रिक से इलाज करवाने की सलाह दी। इसके तांत्रिक ने ही युवक को जिंदा चूजा निगलने के लिए कहा था। जिससे उसकी मौत हो गई।

## उत्कर्ष कोचिंग सेंटर के परिसर को किया गया सील, जहरीली गैस फैलने से 12 छात्राएँ हुईं थीं बेहोश

जयपुर । जयपुर नगर निगम ने कोचिंग संस्थान में हुई घटना पर कार्रवाई कर उस परिसर को सील कर दिया है, जहां से उत्कर्ष कोचिंग सेंटर संचालित हो रहा था। शहर के उत्कर्ष कोचिंग में जहरीली गैस फैलने से 12 छात्राएँ बेहोश हुई थीं। जिसके बाद छात्राओं को अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं दो की हालत गंभीर हो गई, जिन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया। बता दें कि उत्कर्ष कोचिंग शहर के गोपालपुरा इलाके में चलता था। घटना के बाद पुलिस ने बताया कि कोचिंग में गैस का स्रोत नहीं है। वहीं जांच के दौरान ये पता चला है कि कोचिंग के पीछे वाले नाले से जहरीली गैस फैली थी, जिससे कोचिंग की 12 छात्राएं बेहोश हो गईं। जहरीली गैस से बेहोश होने वाले 12 छात्रों में से सात को सोमानी अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है, वहीं डॉक्टर ने बताया कि इनमें से दो छात्राओं की स्थिति गंभीर होने की वजह से उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया है। जबकि पांच छात्राओं का इलाज मानसरोवर स्थित मेट्रो मास अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने कहा कि इस कोचिंग की सभी खिड़कियां बंद थीं। और क्लास के दौरान दरवाजा भी बंद था। कोचिंग में जहरीली गैस का कोई उपकरण नहीं है और कोई गैस पाइपलाइन भी नहीं है। इस घटना पर कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने लिखा है कि ये बेहद चिंताजनक घटना है और इसकी जांच होनी चाहिए।

## ट्रैक्टर चोरी के शक में शख्स की पीट–पीटकर हत्या

मुजफ्फरपुर। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में ट्रैक्टर चोरी के शक में एक शख्स की कथित तौर पर पीट–पीटकर हत्या कर दी गई। मामले में ट्रैक्टर मालिक सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने युवक को बचाकर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान शंभू साहनी के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा, यह घटना योगियां गांव में हुई, जब ट्रैक्टर चोरी के शक में एक व्यक्ति की कथित तौर पर पीट–पीटकर हत्या कर दी गई।

# बिहार में विधानसभा चुनाव कांग्रेस के नेतृत्व में लड़ा जाए, नीतीश कुमार भी साथ आएं

### –सांसद पप्पू यादव ने कहा–हमारी सरकार बनेगी तो प्राइवेट नौकरी में आरक्षण देंगे

**पूर्णिया (एजेंसी)।** बिहार के पूर्णिया सांसद राजेश रंजन ऊर्फ पप्पू यादव ने कहा कि 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस बड़े भाई की भूमिका निभाए। चुनाव कांग्रेस के नेतृत्व में लड़ा जाना चाहिए। बिहार में क्षेत्रीय पार्टियों को हरियाणा और महाराष्ट्र से सीख लेनी चाहिए। उन्होंने इच्छा जताई कि सीएम नीतीश कुमार भी साथ आएं, लेकिन गठबंधन में किसे शामिल किया जाए यह राहुल गांधी तय करें।

पप्पू यादव ने कहा कि नरेंद्र मोदी के खिलाफ अगर किसी में लड़ने की ताकत है तो वह राहुल और प्रियंका गांधी में ही है। इसलिए बिहार में गठबंधन का नेतृत्व कांग्रेस करे। कांग्रेस बिहार में 15 जनवरी के बाद से अपने संगठन का विस्तार करने के साथ ही उसे मजबूत करेगी। पेपर लीक मामले पर पप्पू यादव ने कहा कि बिहार में पेपर लीक एक पर्याय बन गया है। नालंदा जुर्म का केंद्र बन गया है। जितने पेपर लीक हो रहे, उसमें नालंदा ही केंद्र बिंदु है। दो दिन पहले भी बच्चों को पेपर नहीं दिए गए, ताला लगा दिया। जिन्हें माफिया ने सेंटर भेजा, टीचर की भूमिका निभाई, उसी को आंसर लिखाया गया। पढ़ने वाले बच्चे इससे वंचित रह गए।

पप्पू यादव ने कहा कि राहुल गांधी जिन मुद्दों को लोकसभा में उठाते रहे हैं, वही मुद्दे मेरे भी हैं। हमारी सरकार बनेगी तो हम प्राइवेट नौकरी में आरक्षण का प्रावधान करेंगे।

सभी ठेकेदारी में 40 फीसदी बेरोजगार युवाओं के लिए 10 लाख रुपए तक के ठेके को आरक्षित करेंगे। हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्य सरकार में मंत्री संतोष कुमार सुमन ने कहा कि पार्टी 2025 का रोडमैप बनाकर आगे की रणनीति तय करेगी। पप्पू यादव ने रविवार को पार्टी के पटना कार्यालय में आयोजित प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्षों और जिला प्रभारी की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि सदस्यता महाअभियान के तहत दिसंबर तक 10 लाख सदस्य बनाना था, जिसके करीब पार्टी पहुंच चुकी है।

सदस्यता महाअभियान की तिथि बढ़ा कर 31 जनवरी की जा रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी का जिला सम्मेलन वहीं होगा, जिससे जुड़े विधानसभा क्षेत्र में पार्टी मजबूत हो।

प्रदेश अध्यक्ष ने लोजपा (पारस) महिला प्रकोष्ठ की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्मिता शर्मा को उनके समर्थकों के साथ सदस्यता दिलाई।



## सत्येंद्र जैन के मानहानि मामले में कोर्ट ने बांसुरी स्वराज को भेजा नोटिस



नई दिल्ली। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज को आपराधिक मानहानि का नोटिस जारी कर दिया है। सांसद बांसुरी के खिलाफ यह याचिका आम आदमी पार्टी के नेता, पूर्व मंत्री और विधायक सत्येंद्र जैन द्वारा दायर की गई थी जिसके बाद कोर्ट ने नोटिस जारी किया है। आप नेता जैन ने आरोप लगाया है कि बांसुरी ने 5 अक्टूबर, 2023 को एक टेलीविजन साक्षात्कार के दौरान उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। अदालत ने सांसद बाखुरी को 20 दिसंबर को पेश होने को कहा है। बांसुरी स्वराज व्यक्तिगत रूप से या अपने वकील के माध्यम से पेश हो सकती हैं। इसी तारीख को अदालत मामले में सत्येंद्र जैन और उनके दो गवाहों के बयान दर्ज करेगी। जैन ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है, बांसुरी ने 5 अक्टूबर, 2023 को एक टीवी चैनल पर एक इंटरव्यू के दौरान उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। आप नेता जैन ने दावा किया है कि यह टिप्पणी स्वराज ने उन्हें बदनाम करने और अनुचित राजनीतिक फायदा हासिल करने के लिए की थी। उन्होंने कहा, बांसुरी ने झूठा दावा किया कि उनके घर से 3 करोड़ रुपये बरामद हुए और उनके घर से 1.8 किलोग्राम सोना और 133 सोने के सिक्के बरामद किए गए थे।

# संभल में 19 कूप, 36 पुरवे, 52 सराय और 68 लापता हुए तीर्थों को तलाश रही पुलिस

**संभल (एजेंसी)।** संभल में सैकड़ों साल पुरानी मूर्ती मिलने से जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। सरकारी रिकॉर्ड में 19 कूप, 36 पुरवे, 52 सराय और 68 तीर्थ लापता है। प्रशासन ने इसे सूचीबद्ध करके इनकी तलाश शुरु कर दी है। डीएम राजेंद्र पेंसिया ने कहा कि यहां पर चार तरह की कार्रवाई की जा रही है। पहली यह है कि जो शुरुआत में ही बताया गया कि संभल में 19 कूप, 36 पुरवे, 52 सराय और 68 तीर्थ हैं। इनकी खोज करने में पूरी टीम लगी हुई है। दूसरा जो अस्थायी अतिक्रमण नालियों आदि पर किया गया है, उन्हें हटाया जा रहा है। स्थायी अतिक्रमण को नोटिस देने के बाद पूरी प्रक्रिया के तहत हटाया जाएगा। तीसरा बिजली चोरी के खिलाफ एक्शन है। बिजली चोरी में अभी तक पांच करोड़ का एसेसमेंट बनाया गया है। बिजली चोरी रोकने केलिए आर्मड केबल लगाया जा रहा है। चौथा प्लान गैरकानूनी गतिविधियों पर एक्शन की तैयारी है।



वहीं, बीते रोज मिले मंदिर को लेकर डीएम ने बताया कि वहां पर सीसीटीवी लगा दिए गए हैं। पुलिस टीम भी सुरक्षा में लगा दी गई है। अतिक्रमण को लेक डीएम ने कहा कि कोई भी तालाब सार्वजनिक संपत्ति होती है। सुप्रीम कोर्ट भी कहता है कि इनकी सुरक्षा बहुत जरूरी है। जिसने भी तालाब पर अतिक्रमण किया है उन्हें नोटिस देकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि 24 नंवबर को जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान यहां हिंस भड़क गई थी। इस हिंसा में गोली लगने से चार युवकों की मौत हो गई थी। इसी के बाद पुलिस ने बड़े पैमाने पर एफआईआर दर्ज की और धरपकड़ का अभियान चलाया है। इसी के तहत यहां पर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान में शनिवार को बड़े पैमाने पर बिजली चोरी पकड़ी गई।

# ईवीएम को लेकर उमर अब्दुल्ला के बदले स्वर, गठबंधन में मतभेद?

### कांग्रेस बोली–अपने तथ्यों की करें जांच, सहयोगियों के साथ ऐसा दृष्टिकोण क्यों?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईवीएम को लेकर अब गठबंधन में मतभेद सामने आ गए हैं। कांग्रेस पार्टी ने जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला की ईवीएम पर टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए सीएम बनने के बाद गठबंधन सहयोगियों के प्रति उनके दृष्टिकोण पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सीएम उमर ने कहा कि आपको ईवीएम से दिक्कत कैसे हो सकती है और फिर भी आप चुनाव लड़ते रहें। अगर आपको ईवीएम पर भरोसा नहीं है, तो आपको चुनाव नहीं लड़ना चाहिए। आप यह नहीं कह सकते कि अगर मैं जीत गया तो चुप रहूंगा और हार गया तो ईवीएम में कुछ गड़बड़ है।



कांग्रेस ने कहा कि समाजवादी पार्टी, एनसीपी (एसपी) और शिवसेना (यूबीटी) ने ईवीएम के खिलाफ बात की थी, क्योंकि उन्होंने वोटिंग पद्धति पर पार्टी के रुख पर सवाल उठाने के लिए सहयोगी उमर अब्दुल्ला पर पलटवार किया। सोमवार को तीखे शब्दों वाले पोस्ट में कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला को ट्वीट कर कहा कि यह समाजवादी पार्टी, एनसीपी और शिवसेना यूबीटी हैं जिन्होंने ईवीएम के खिलाफ बात की है। कृपया अपने तथ्यों की जांच करें। कांग्रेस सीडब्ल्यूसी के प्रस्ताव में स्पष्ट रूप से केवल ईसीआई को संबोधित किया गया है। सीएम बनने के बाद हमारे सहयोगियों के साथ ऐसा दृष्टिकोण क्यों?

उमर अब्दुल्ला की नेशनल कॉन्फ्रेंस इंडिया ब्लॉक का हिस्सा है और कांग्रेस जम्मू-कश्मीर में पार्टी की गठबंधन सहयोगी है। यह घटनाक्रम कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक के एक अन्य सहयोगी के बीच टकराव का एक और बिंदु है। हरियाणा और महाराष्ट्र में हार के बाद, कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने ईवीएम की विश्वसनीयता पर चिंता जाते हुए बैलेट पेपर से मतदान कराने की वकालत की है। उमर अब्दुल्ला ने एक साक्षात्कार में कांग्रेस की आपत्ति को खारिज करते हुए कहा कि वोटिंग मशीनें केवल तभी समस्या नहीं हो सकतीं जब आप चुनाव हार जाते हैं।

अब्दुल्ला ने एक साक्षात्कार में कहा कि जब आपके 100 से ज्यादा सांसद एक ही ईवीएम का उपयोग करते हैं और आप इसे अपनी पार्टी की जीत के रूप में मनाते हैं, तो आप कुछ महीने बाद पलटकर यह नहीं कह सकते कि हमें ईवीएम पसंद नहीं हैं क्योंकि अब चुनाव परिणाम उस तरह से नहीं आ रहे हैं जैसा हम चाहते हैं। उमर ने अपना खुद का उदाहरण देते हुए कहा कि जब वे इस साल की शुरुआत में लोकसभा चुनाव हार गए थे, तो उन्होंने कभी भी ईवीएम को दोष नहीं दिया।

इस मौके का फायदा उठाते हुए बीजेपी ने सीएम उमर अब्दुल्ला की टिप्पणी का इस्तेमाल कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साधने के लिए किया। बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख ने ट्वीट कर कहा कि कांग्रेस के जीतने पर ईवीएम अच्छी नहीं हो सकती और हारने पर खराब। राहुल गांधी लगातार हारे हुए व्यक्ति की तरह दिख रहे हैं, जिनके साथ कोई खड़ा नहीं होना चाहता।

## हिमाचल में 31 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का सीएम सुक्खू ने किया उद्घाटन

सोलन। हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोलन जिले के नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 31 करोड़ रुपए की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। सीएम सुक्खू ने क्षेत्र की प्रगति के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई और भरोसा दिलाया कि वित्तीय समस्याएं क्षेत्र के विकास में बाधा नहीं बनेंगी। सीएम सुक्खू ने मित्तियां, बेहली, खल्लर और आसपास के क्षेत्रों के गांवों के लिए 7.24 करोड़ रुपए की लागत वाली पेयजल योजना का भी उद्घाटन किया। उन्होंने नालागढ़ के लिए 5.22 करोड़ रुपए लागत से निर्मित सात नलकूपों और क्षेत्र में 4.82 करोड़ रुपए की लागत से पेयजल सुधार परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया। उन्होंने तीन पुलों की आधारशिला रखी, जिनमें 5.77 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाला कोटला कलां पुल, 4.44 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाला रेतार खड्ड पुल और 3.51 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाला भटौली खड्ड पुल शामिल हैं।

# उद्धव और राज समझ गए बंटेंगे तो कटेंगे- दोनों भाईयों में बन रही सुलह की संभावना

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र चुनाव में बंटेंगे तो कटेंगे का नारा खूब उछला था। किसी ने इस नारे पर भरोसा किया हो या न किया हो। पर उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे पर इसका प्रभाव जरुर दिखाई देता नजर आ रहा है। यदि सबकुछ ठीक रहा तो आने वाले बीएमसी चुनाव में दोनों भाई साथ आ सकते हैं। हाल ही में एक पारिवारिक कार्यक्रम में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे की एंट्री ने परिवार में सुलह के संकेत दिए हैं। इस कार्यक्रम में शिवसेना यूबीटी चीफ उद्धव ठाकरे भी पहुंचे थे। हालांकि, इसे लेकर दोनों ही नेताओं ने आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है।



दरअसल, रविवार को उद्धव ठाकरे की पत्नी रश्मि ठाकरे के भांजे शौनक पातंकर की शादी में राज पहुंचे थे। इसके साथ ही अटकलें शुरू हो गईं कि दोनों भाई सियासी मैदान में हाथ मिला सकते हैं। बांद्रा पश्चिम के ताज लैंड्स एन्ड में हुए कार्यक्रम में कई बड़े राजनेता पहुंचे थे। चर्चाएं हैं कि राज और उद्धव मतभेद भुलाकर आगामी निकाय चुनाव के लिए साथ आ सकते हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, दोनों ही दलों के कार्यकर्ता सुलह की बात पर जोर दे रहे हैं। कई लोगों का मानना है कि दोनों नेताओं का साथ आना मराठी मतों को एकजुट कर सकता है। सूत्रों ने बताया कि राज के शादी समारोह में पहुंचने को उद्धव की तरफ से शांति प्रस्ताव को स्वीकार करने के तौर पर देखा जा रहा है।

सूत्रों ने बताया कि राज समारोह के दौरान रश्मि और उनकी मां से मिले थे। हालांकि, उनकी मीटिंग आदित्य ठाकरे से नहीं हो सकी। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि शिवसेना यूबीटी और मनसे के बीच जारी सियासी तनातनी मराठी वोट बंटने का कारण बन रही है। राज और उद्धव आंतरिक कलह के चलते साल 2006 में अलग हो गए। राज ने मनसे का गठन किया। वहीं, उद्धव को अविभाजित शिवसेना की कमान मिली थी।

## फिर बढ़ने लगा बिहार में पकड़ौआ विवाह का चलन

**पटना (एजेंसी)।** पकड़ौआ विवाह की परंपरा अब बिहार के कई जिलों में फिर से चर्चा में है। साल 2024 में, इस परंपरा में अचानक इजाफा देखा गया है। हाल ही में बेगूसराय जिले के एक बीपीएससी शिक्षक का पकड़ौआ विवाह हुआ है।



यह घटना बिहार में पकड़ौआ विवाह के बढ़ते मामलों की ओर इशारा करती है, और समाज में इसके प्रभाव को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। इस प्रकार की घटनाओं पर नियंत्रण पाने के लिए सरकार और समाज को सक्रिय कदम उठाने की आवश्यकता है। यह घटना तब सामने आई जब शिक्षक ने अपनी चार साल पुरानी प्रेमिका से शादी करने से इनकार कर दिया। लड़की पक्ष के लोगों ने गुस्से में आकर उसे पकड़ लिया और मंदिर में उसकी शादी करवा दी। यह मामला कटिहार जिले का है, जहां बीपीएससी शिक्षक अवनीश कुमार ने अपनी प्रेमिका गुंजन से लंबे समय तक रिश्ते में रहने के बावजूद शादी से मना कर दिया।

लड़की के परिवार वालों ने इस इनकार से नाराज होकर अवनीश का अपहरण कर लिया और एक मंदिर में उसकी शादी करवा दी। शादी के बाद जब लड़की अपने ससुराल पहुंची, तो लड़के के परिवार ने उसे स्वीकार करने से इनकार कर दिया, और मारपीट का आरोप भी लगाया। लड़की ने इस पूरे घटनाक्रम के बारे में पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है, और न्याय की गुहार लगाई है। हालांकि, शिक्षक अवनीश कुमार ने इन आरोपों को नकारते हुए कहा कि लड़की का उनके साथ कोई प्रेम संबंध नहीं था और उसे बार-बार परेशान किया जाता था। उन्होंने यह भी दावा किया कि उनका अपहरण किया गया और जबरन शादी करवाई गई।

पकड़ौआ विवाह का इतिहास बिहार में 1980 के दशक से जुड़ा हुआ है, खासकर मिथिलांचल के क्षेत्रों जैसे बेगूसराय, दरभंगा और मधुबनी जिलों में। इस परंपरा में शादी के लायक लड़के का अपहरण किया जाता है और फिर उसे धमकाकर विवाह के बंधन में बांध दिया जाता है। 1990 के दशक में इस परंपरा में कमी आई, लेकिन 2024 में इसके मामलों में फिर से वृद्धि देखने को मिली है। एक रिपोर्ट के अनुसार, मिथिलांचल समेत बिहार के 18 जिलों में 2024 में 70 से अधिक पकड़ौआ विवाह हो चुके हैं।

# क्या 2013 की तरह इस बार महाकुंभ में पीएम उम्मीदवार के नाम पर लगेगी मुहर?

### –योगी के नाम पर सभी की रजामंदी, सार्वजनिक रुप से अभी नहीं होगा ऐलान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रांत स्तर के एक पदाधिकारी बताया कि प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ में बीजेपी के अगले पीएम उम्मीदरवार के नाम का प्रस्ताव आ सकता है। वे बताते हैं कि योगी आदित्यनाथ के नाम पर सभी की रजामंदी है। अभी लोकसभा चुनाव दूर हैं, इसलिए सीधे तौर पर उनके नाम का ऐलान नहीं होगा। योगी को प्रोजेक्ट करने की पूरी तैयारी चल रही है।

महाकुंभ 13 जनवरी, 2025 से शुरू होगा। 12 साल पहले प्रयागराज में ही आरएसएस ने नरेंद्र मोदी का नाम संतों के सामने रखा था। उनके समर्थन के बाद नरेंद्र मोदी को बीजेपी का पीएम उम्मीदवार घोषित किया गया था। क्या इस बार भी ऐसा ही योगी आदित्यनाथ के लिए होगा।

मीडिया रिपोर्ट से सामने आया है कि लोकसभा चुनाव हों या विधानसभा चुनाव, योगी आदित्यनाथ का नाम बीजेपी के स्टार प्रचारकों की लिस्ट में शामिल है। वे राजस्थान, मध्यप्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड से लेकर साउथ में तमिलनाडु और तेलंगाना तक चुनावी रैलियां कर चुके हैं। हाल ही में हुए महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में योगी आदित्यनाथ के 'बंटेंगे तो कटेंगे' नारे का असर भी दिखा। यहां उन्होंने 11 रैलियां कर 17 उम्मीदवारों के लिए वोट मांगे थे। इनमें 15 चुनाव जीत भी गए। योगी ने ये नारा यूपी में 9 सीटों पर हुए उपचुनाव के दौरान बार-बार दोहराया था। पीएम मोदी ने 5 अक्टूबर को ठाणे और वाशिम में हुई रैलियों में अलग ढंग से यही बात कही थी।

आरएसएस के पदाधिकारी बताते हैं कि बंटेंगे तो कटेंगे का नारा भले योगी के मुंह से निकला हो, लेकिन इसके पीछे आरएसएस ही है। ये आरएसएस की शाखाओं में गाया जाने वाला बहुत पुराना गीत है। इसे आजादी के समय से गाया जा रहा है। ये गीत था- इतिहास कहता है कि हिंदू भाव को जब-जब भूले, आई विपदा महान, भाई छूटे, धरती खोई, मिटे धर्म संस्थान।

यही बात मथुरा की बैठक में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने कही थी। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज में एकता नहीं रहेगी, तो आजकल की भाषा में बंटेंगे तो कटेंगे हो सकता है। कुंभ में इस बार हिंदू एकता की चर्चा होगी, क्या किसी बड़े मुद्दे पर चर्चा होगी या फिर कोई बड़ा फैसला लिया जाएगा? इस पर होसबोले ने कहा कि इसकी चर्चा तो हम कई साल से कर रहे हैं। ये हमारे करिकुलम में बहुत पहले से है। इस बार चर्चा आरएसएस के उस गीत को दोबारा चर्चा में लाने वाले की होगी। चर्चा होगी कि देश का भविष्य किसके हाथों में सुरक्षित रहेगा। चर्चा होगी कि नया सूर्य कौन होगा।

आरएसएस के पदाधिकारी ने कहा कि ये सब उस तरह नहीं होगा, जैसे मोदी के नाम पर मुहर लगी थी। तब कुंभ के अगले साल लोकसभा चुनाव थे। इसलिए पीएम पद के लिए चेहरे पर पक्की मुहर के लिए उस आयोजन से बेहतर कोई और वक्त नहीं था। इतने बड़े स्तर पर हिंदू समाज के संगठन और साधु-संतों का जमावड़ा फिर कहां मिलता। इस बार कुंभ और चुनाव के बीच चार साल का फासला है। नाम पर तो चर्चा होगी, लेकिन सभी संगठनों के बीच एक प्रस्ताव की तरह इसे लाया जाएगा।। पदाधिकारी ने कहा कि सूची में अब तक तो योगी ही हैं।

